# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025


## ग्वालियर- रीवा में झमाझम, दो दिन15 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट



## हरसी डैम ओवरफ्लो, शिवपुरी ग्वालियर के गांवों में खतरा बढ़ा झांसी-खजुराहो हाइवे पर पानी भरा

### चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में डूबा युवक गुना में नदी में डूबने से दो मासूमों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तेज बारिश से शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर स्थित हरसी बांध लबालब हो गया है। बांध के बेस्ट वियर से पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। इससे निचले इलाकों में खतरा बढ़ गया है। शिवपुरी-ग्वालियर के करीब 20 गांवों पर संकट मंडरा रहा है। उधर, सतना जिले के चित्रकूट में शुक्रवार सुबह एक युवक मंदाकिनी नदी में डूब गया।

युवक उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुद्वारों के दर्शन के लिए आया था। सुबह स्फटिक शिला के पास घाट पर उसके कपड़े और चप्पल मिले। माना जा रहा है कि युवक का संतुलन बिगड़ा और वह तेज बहाव में बह गया। गुना जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत खेजरा रामा गांव में गुरुवार की शाम एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जहां दो मासूम बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों बालक गांव के पास बहने वाली छोटी नदी में नहाने गए थे। खजुराहो में पिछले 24 घंटों में करीब 2 इंच बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### यहां आज भारी बारिश का अलर्ट

शनिवार को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को 15 जिलों में पानी गिरा। ग्वालियर और रीवा में 9 घंटे में करीब 65 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि, शुक्रवार को राजधानी समेत ज्यादातर जिलों में मौसम खुला रहा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति भवन में 'तन्वी द ग्रेट' की स्क्रीनिंग



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर और बोमन ईरानी शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ 'तन्वी द ग्रेट' की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। दोनों ही फिल्मी सितारे सूट-बूट में नजर आए। फिल्म की आधिकारिक रिलीज से पहले राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति मुर्मू के लिए यह स्क्रीनिंग आयोजित की गई है।

### रायसेन में ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत



**रायसेन।** जिले में भोपाल-दिल्ली रेल मार्ग पर कथित रूप से ट्रेन की चपेट में आने से एक तेंदुए की मौत हो गई। दीवानगंज के पास समरधा रेंज क्षेत्र के भदभदा जंगल में हुई। समरधा रेंज के वन अधिकारी शिवपाल पिपर्डे ने बताया कि उन्हें सुबह रेलवे ट्रैक के पास तेंदुए के शव के पड़े होने की सूचना मिली थी।

### इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025'

# मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव में मिले 30 हजार करोड़ रु. से अधिक के निवेश प्रस्ताव

सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी बड़े शहरों में ग्रोथ कॉन्क्लेव करेंगे और सबको घर मुहैया कराएंगे

सीएम ने कहा कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और सागर शहरों में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 582 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है। यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। हम इस सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के सभी बड़े शहरों में ग्रोथ कॉन्क्लेव करेंगे और सबको घर मुहैया कराएंगे। उन्होंने गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी ही 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इसमें उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में लगभग 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**15** हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी आईटी क्षेत्रों में मिले निवेश प्रस्ताव




**सीएम के बड़े ऐलान**

गुजरात की 'गिफ्ट सिटी' जैसी 10 स्मार्ट सिटीज़ मध्यप्रदेश में विकसित की जाएंगी

- प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किए जाएंगे
- शहरी विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की दी सौगातें

### सीएम ने कहा-रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोग्रेसिव सेक्टर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से चर्चा की

### इंदौर और भोपाल बीडीए के लिए 2 हजार 784 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए 12 हजार 360 करोड़ रुपए की सौगातें भी दी। उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिए 5 हजार 454 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के तहत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

#### मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी

*मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नेक्स्ट होराइजन : बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो' कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के शहरों को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुलभ और सुरक्षित परिवहन किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होते हैं। भविष्य की ट्रांसपोर्टेशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जा रहे हैं।*

#### औद्योगिक क्षेत्र के लिए सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव

*कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपए का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रुपए, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपए, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रुपए, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों से चर्चा की। उन्होंने निवेश की संभावनाओं पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया। डॉ. यादव ने मुख्य रूप से हुडको के अध्यक्ष संजय कुलश्रेष्ठ , पटेल इंफ्रा के अरविंद विट्ठलभाई पटेल, आईटीसी के आशीष पाल, एमकेसी इंफ्रा के केतन पटेल, ओमेक्स ग्रुप के मोहित गोयल, मेडुला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड के शांतनु शर्मा, राठी स्टील लिमिटेड के ध्रुव राठी, मध्यप्रदेश होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सुमित सूरी, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की सुश्री प्रीति पटेल, डापलमायर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रफुल्ल चौधरी, साई ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के रितेश दास से रु-ब-रु होकर चर्चा की।*


# भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने वाली शादी का एक वर्ष

## अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का अटूट बंधन

राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी को एक वर्ष बीत चुका है, जिसने न केवल देश को बल्कि पूरी दुनिया को सम्मोहित कर लिया था। 2024 में संपन्न हुआ यह विवाह समारोह एक साधारण सामाजिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सबसे व्यापक रूप से देखी गई सांस्कृतिक घटना बन गई - एक ऐसा आयोजन जिसने भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया। करोड़ों लोगों ने मुख्यधारा और सोशल मीडिया के माध्यम से इन सुंदर और भावनात्मक रस्मों को देखा और सराहा।



















### भारत की वैश्विक छवि को नया आयाम

एक ऐसे समय में जब भारत आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है, यह विधिवत आयोजित एवं आध्यात्मिकता से भरपूर विवाह समारोह भारत को "दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी" के रूप में प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध हुआ। इस विवाह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों की सूची भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील और वैश्विक मामलों में उसकी केंद्रीय भूमिका को दर्शाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अंबानी परिवार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों की भव्य मेजबानी यह सिद्ध करती है कि वे भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### हिंदू विवाह की पवित्रता का महत्व

हिंदू परंपरा में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि एक पवित्र और आजीवन प्रतिबद्धता माना जाता है। यह दो आत्माओं, उनके परिवारों और समुदायों के बीच एक दिव्य एकता का प्रतीक है, जो विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ संपन्न होती है। विवाह का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सुख नहीं, बल्कि धार्मिक कर्तव्यों (धर्म) की पूर्ति और सामाजिक व्यवस्था में योगदान भी है। जहां आधुनिक समय की व्यावहारिकताएँ अधिकांश विवाहों को सभी पारंपरिक रस्मों का पालन करने से रोकती हैं, वहीं युवा अंबानी दंपत्ति ने हर भारतीय परंपरा और रिवाज को पूरी श्रद्धा और समर्पण से निभाया। यह उनकी इन प्रथाओं के प्रति गहरी आस्था और अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बुजुर्गों और आध्यात्मिक गुरुओं के आशीर्वाद से करने की प्रबल इच्छा का प्रमाण था। राधिका-अनंत विवाह ने यह संदेश वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली रूप से पहुँचाया, जिसे देखने और अनुभव करने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ मौजूद थीं।

### मानवता और परंपरा का पालन

''मानव सेवा ही माधव सेवा'' - मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - की सच्ची भावना के साथ, अंबानी परिवार ने नवी मुंबई के रिलायंस कॉर्पोरेट पार्क में 50 वंचित जोड़ों के सामूहिक विवाह के साथ अपने विवाह समारोह की शुरुआत की। इस समारोह में 800 से ज्यादा मेहमान शामिल हुए, और अंबानी परिवार के सभी सदस्य नवविवाहितों को आशीर्वाद और उपहार देने के लिए मौजूद रहे। इसके अलावा, अंबानी परिवार ने यह भी सुनिश्चित किया कि विवाह समारोह के साथ-साथ तीन हफ़्तों तक कोई भी बिना भोजन के न रहे। मानवता की सेवा के इसी सिद्धांत को साकार करते हुए, एक सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन 1,000 से ज्यादा दोपहर और रात के भोजन के लिए भंडारा आयोजित किया गया।

### "अन ओड टू बनारस" और पारंपरिक भारतीय पोशाकों की भव्यता

शादी के दिन की सजावट का विषय "An Ode to Banaras" था, जिसने वैश्विक मेहमानों को बनारस की घाटों की एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाया। यह थीम उस सनातन नगरी की परंपराओं, आस्था, संस्कृति, कला, शिल्प और भोजन के प्रति श्रद्धांजलि थी। इस अनुभव ने बनारस की गलियों को जीवंत रूप में विवाह स्थल - जियो वर्ल्ड सेंटर - के कांकौरस में पुनः सजीव किया, जहाँ अतिथियों ने वहां की संस्कृति, स्वाद और अध्यात्म का अनुभव किया।


बहनों के
हौसले की
मजबूत डोर
खुशियां हर ओर
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.27 करोड़
लाड़ली बहनों को
26वीं किस्त के
₹ 1543.16 करोड़
56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को ₹ 340 करोड़
30 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹46.34 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण
अपराह्न 2:30 बजे | ग्राम पंचायत नलवा, जिला उज्जैन
राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन
मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ वितरण
अपराह्न 1:00 बजे । मुक्ताकाशी मंच, कालिदास अकादमी, उज्जैन
12 जुलाई 2025
D-11064/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

जबलपुर
शनिवार, 12 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-2
वर्ष : 20, अंक : 73
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी की ओर बढ़ रही है दुनिया
### सीईआरटी-इन की रिपोर्ट

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) द्वारा शुक्रवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया डिजिटल से क्वांटम इकोनॉमी बनने की ओर एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। भारत की राष्ट्रीय साइबर एजेंसी द्वारा ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी फर्म एसआईएसए के सहयोग से संकलित आंकड़े इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि क्वांटम कंप्यूटिंग अब एक भविष्यवादी विचार नहीं, बल्कि साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहरे प्रभाव डालने वाली एक तेजी से उभरती वास्तविकता है।

**यह एक बड़ी उपलब्धि**

क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। 'ट्रांजिशनिंग टू क्वांटम साइबर रेडीनेस' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि क्वांटम कंप्यूटर, जो क्वांटम मेकैनिज्म के सिद्धांतों का इस्तेमाल कर काम करते हैं, अब रिसर्च लैब से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया में उपयोग में आ रहे हैं। कई ग्लोबल टेक कंपनियों ने पहले ही शानदार प्रगति कर ली है। दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई गूगल की विलो चिप ने 105 क्यूबिट के साथ एरर करेक्शन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## मजबूत अर्थव्यवस्था का असर

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा- भारत दुनिया में डिजिटल पेमेंट करने के मामले में सबसे आगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अच्छी खबर**

भारत दुनिया में डिजिटल पेमेंट करने के मामले में सबसे आगे है। इसका कारण यूपीआई है। इस टेक्नोलॉजी ने भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर डिजिटल पेमेंट में तहलका मचा रखा है। भारत की इस टेक्नोलॉजी का फैन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ भी हो गया है। वैश्विक संस्था ने इसके तारीफ में कसीदे पढ़े। आईएमएफ ने कहा 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने भारत में पेमेंट के तरीके को बदल दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेज भुगतान प्रणालियों में भारत अन्य सभी देशों से आगे है। इस उपलब्धि का श्रेय यूपीआई को दिया जा रहा है। इसी के कारण यह संभव हो सका है। आईएमएफ ने अपने विश्लेषण में इस बात पर बल दिया कि यूपीआई के प्रचलन में आने के बाद से एटीएम से पैसे निकालने जैसे नकदी उपयोग के तरीकों में गिरावट आई है। यूपीआई के जरिए अब हर महीने 18 अरब से अधिक लेनदेन होते हैं।

**भारत का यूपीआई 7 देशों में इस्तेमाल किया जा रहा**




**यूपीआई के जरिए अब हर महीने 18 अरब से अधिक का लेन-देन**

### भारत में घरेलू क्रेडिट बढ़कर जीडीपी का 42% पर पहुंचा

*मजबूत अर्थव्यवस्था के चलते भारत में घरेलू क्रेडिट वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 42.1 प्रतिशत हो गया है। यह वित्त वर्ष 13 से वित्त वर्ष 20 के दौरान 32 से 35 प्रतिशत की सीमा में स्थिर था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी के बाद परिवारों के क्रेडिट में मजबूत वृद्धि हुई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की रिपोर्ट में बताया गया कि घरेलू वित्तीय देनदारियों में तेज वृद्धि महामारी के बाद आई है। वित्त वर्ष 2021 में सकल घरेलू उत्पाद के 11.7 प्रतिशत तक असाधारण रूप से बढ़ी थी, धीरे-धीरे सामान्य हो गई है। वित्त वर्ष 24 में बचत सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर थी। देनदारियों में वृद्धि ने शुद्ध वित्तीय बचत को वित्त वर्ष 2021 के 23.3 लाख करोड़ रुपए के शिखर से घटाकर वित्त वर्ष 2024 में केवल 15.5 लाख करोड़ रुपए कर दिया है।*

## खबर संक्षेप

### पीएम 51 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को 'रोजगार मेला' का आयोजन होने वाला है, जिसमें पीएम मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह 16वां 'रोजगार मेला' देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं।

### सीएम आज लाड़ली बहनों को भेजेंगे 26वीं किस्त



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 12 जुलाई को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख बहनों को इसका लाभ मिलेगा।

### गृह सचिव का कार्यकाल 22 अगस्त तक बढ़ाया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को गृह सचिव गोविंद मोहन का कार्यकाल अगले वर्ष 22 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया। सिक्किम कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मोहन को अगस्त 2024 में गृह सचिव के रूप में नामित किया गया था। उन्होंने पिछले साल 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल पूरा होने के बाद गृह सचिव के तौर पर कार्यभार संभाला था।

## डॉ. भागवत के '75 साल वाले' बयान पर संघ ने स्पष्ट रूप से कहा

# यह टिप्पणी प्रचारक मोरोपंत पिंगले के संदर्भ में इसका 'किसी और' से कोई लेना-देना नहीं था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के 75 साल की उम्र के बाद राजनीति से पीछे हटने वाले बयान ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। विपक्ष ने आरएसएस प्रमुख की टिप्पणी को लेकर देश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है।

हालांकि, संघ ने कहा कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का बयान संघ विचारक मोरोपंत पिंगले के 75वें जन्मदिन पर दिए गए उनके भाषण का संदर्भ था, लेकिन कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) इसका अधूरा मतलब निकालकर राजनीतिक खिचड़ी पका रही है। संघ ने इस बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह टिप्पणी केवल मोरोपंत पिंगले के संदर्भ में दी गई थी। इसके अलावा इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं था। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने अब तक विपक्ष की ओर से कसे जा रहे तंज पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

*डॉ. भागवत ने मोरोपंत पिंगले ने 'एक निश्चित उम्र' के पीछे के गहरे अर्थ को समझा, कि यह एक पीढ़ीगत बदलाव का इशारा था। एक बिल्कुल हल्का इशारा कि अब युवा नेताओं को आगे आने देने का वक्त आ गया है।*

### डॉ. भागवत के इस बयान को विपक्ष ने पीएम मोदी से जोड़ा

डॉ. भागवत ने 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस' नाम की अंग्रेजी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में यह बयान दिया था



भारतीय जनता पार्टी ने अब तक विपक्ष की ओर से कसे जा रहे तंज पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

### युवा नेतृत्व को आगे लाने की बात संघ याद दिला रहा है

विपक्ष ने कसा तंज



वहीं, दूसरी ओर विपक्ष ने डॉ. भागवत की टिप्पणी को भाजपा और आरएसएस के बीच कथित मतभेद के संकेत के रूप में उछाल दिया। विपक्ष का कहना है कि भाजपा ने हमेशा वरिष्ठ नेताओं को पीछे हटाकर युवा नेतृत्व को आगे लाने की बात कही है और अब आरएसएस भी उसी बात को याद दिला रहा है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक साफ संदेश है और भाजपा और आरएसएस के बीच जो कुछ भी चल रहा है, वह उनके बयान से साफ नजर आ रहा है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जब 2014 में भाजपा ने सरकार बनाई थी।

### कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा...75 साल की बात पीएम को याद दिला दी



वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुटकी लेते हुए कहा कि क्या शानदार स्वागत है। घर लौटते ही संघ प्रमुख ने याद दिला दिया कि वे 17 सितंबर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। लेकिन, प्रधानमंत्री भी आरएसएस प्रमुख से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितंबर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर से दो निशाने।

**डॉ. भागवत ने क्या दिया था बयान?**

**पिंगले ने कहा था आपको पीछे हटकर दूसरों को काम करने देना चाहिए**

*दो दिन पहले, बुधवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस' नाम की अंग्रेजी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने संघ के वरिष्ठ प्रचारक मोरोपंत पिंगले के 75 साल पूरे होने पर उनकी कही गई एक बात को याद करते हुए यह टिप्पणी की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के वनमती ऑडिटोरियम में इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते डॉ. भागवत ने कहा था कि वरिष्ठ संघ प्रचारक मोरोपंत पिंगले ने एक बार कहा था कि जब 75 साल की उम्र की शॉल आपके कंधों पर डाली जाती है, तो इसका मतलब है कि आप अब एक निश्चित उम्र तक पहुंच चुके हैं और अब आपको पीछे हटकर दूसरों को काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोरोपंत पिंगले ने यह बात तब कही थी जब उन्हें वृंदावन में उनके 75वें जन्मदिन के मौके पर सम्मान के रूप में शॉल ओढ़ाई गई थी।*

## खाटू श्याम मंदिर के पास दुकानदारों ने मप्र के भक्तों पर बरसाईं लाठियां

# कसूर इतना ... बारिश से बचने दुकान में घुस गया था परिवार

**महिलाओं का आरोप हमें बहुत मारा मंगलसूत्र तोड़ा**

**पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया**





**सीकर।** खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आए मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं से दुकानदारों ने बीच बाजार में जमकर मारपीट की।खाटूश्यामजी में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बारिश हो रही थी। बारिश से बचने के लिए श्रद्धालु एक दुकान में चले गए थे। इस पर दुकानदार ने उनको बाहर जाने के लिए कहा। श्रद्धालुओं ने दुकानदार से थोड़ी देर वहीं पर रुकने देने की गुहार लगाई। इसी बात को लेकर दुकानदार ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि दुकानदारों ने लाठी और डंडों से पिटाई करना शुरू कर दिया। हैरान करने वाली बात यह रही कि इस हमले में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। इस वारदात का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें स्थानीय लोग महिलाओं पर भी लाठियां चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग श्रद्धालुओं को लाठियों से बेरहमी से पीट रहे हैं। इस हमले में कई भक्त घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं ने खाटूश्याम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई।



**भूल जाओ और घर जाओः थाना अधिकारी**

*श्रद्धालुओं का आरोप है कि पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। थानाधिकारी पवन चौबे ने पिटे हुए श्रद्धालुओं से कहा कि भूल जाओ और घर जाओ। जिससे भक्तों में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आस-पास दुकान चलाने वाले कई लोग कई बार दबंगई करते हुए नजर आते हैं। आरोपियों का मंदिर प्रशासन से भी करीबी संबंध है। इसी वजह से पुलिस ने सख्त रवैया नहीं अपना रही।*

## एनएचएआई ने नियम किए कड़े

### 'ढीला फास्टैग' हुआ तो टोल एजेंसियां तत्काल देंगी सूचना

**'ढीले फास्टैग' को आमतौर पर टैग-इन-हैंड कहते हैं**



**नई दिल्ली।** सुगम टोल संचालन सुनिश्चित करने और 'ढीले फास्टैग' की रिपोर्टिंग को मजबूत करने के लिए, एनएचएआई ने टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों के लिए अपनी नीति को और सुव्यवस्थित किया है। ताकि वे 'ढीले फास्टैग' की तुरंत रिपोर्ट कर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर सकें। 'ढीले फास्टैग' को आमतौर पर टैग-इन-हैंड भी कहा जाता है।

## कोलंबिया में होगी 90% शूटिंग

### श्रीश्री रविशंकर की बायोपिक के लिए तैयारी कर रहे

**यह फिल्म ऐतिहासिक घटना पर आधारित**



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित फिल्म 'व्हाइट' में नजर आने वाले हैं। रिलीज हुई अपनी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के बाद अब विक्रांत मैसी अपनी अगली फिल्म 'व्हाइट' की शूटिंग में व्यस्त हो गए हैं। ये फिल्म आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित है।

## 92 साल में पहली बार महिला को ये पद

### एचयूएल की सीईओ बन इतिहास रचेंगी प्रिया नायर

**1 अगस्त 2025 से एचयूएल की कमान संभालेंगी**



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने अपनी 92 साल की इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में से एक एचयूएल को पहली बार कोई महिला सीआओ और मैनेजिंग डायरेक्टर मिलने जा रही है। प्रिया नायर, जो फिलहाल यूनिलीवर में ब्यूटी एंड वेलबीइंग डिविजन की ग्लोबल प्रेसिडेंट हैं। अब 1 अगस्त 2025 से एचयूएल की कमान संभालेंगी। मौजूदा सीईओ रोहित जावा 31 जुलाई को पद से हट जाएंगे।

## मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में नजर आया दुर्लभ जीव

# तेंदुए जैसी आंखें-बिल्ली जैसा धड़ लंबे कान... नाम है कैराकल बिल्ली

**प्रदेश में पिछले कई वर्षों बाद किसी संरक्षित क्षेत्र में कैराकल की पुष्टि**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के गांधी सागर अभयारण्य में एक दुर्लभ जंगली बिल्ली कैराकल देखी गई है। इस अभयारण में चीता पुनरुत्पादन कार्यक्रम के विस्तार के तहत हाल ही में चीतों को स्थानांतरित किया गया था। जिला वन मंडल अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि स्थानीय रूप से 'स्याहगोश' के नाम से जानी जाने वाली बिल्ली कैराकल को गांधी सागर अभयारण्य में एक कैमरा ट्रैप में देखा गया है। रायखेरे ने बताया कि कैराकल की उपस्थिति यह दर्शाती है कि गांधी सागर क्षेत्र के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क पारिस्थितिकीय तंत्र अब भी इतने समृद्ध और संतुलित हैं जो इस दुर्लभ प्रजाति को आश्रय दे सकते हैं। प्रदेश में पिछले कई वर्षों बाद किसी संरक्षित क्षेत्र में कैराकल की पुष्टि हुई है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## खंडवा में धूनी वाले दादाजी धाम में भगदड़ जैसे हालात

# मशाल जुलूस के दौरान तोड़ी बेरिकेडिंग पुलिस की मौजूदगी में टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

यहां धूनी वाले दादाजी के दरबार में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार रात को मशाल जुलूस के दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान भगदड़ जैसे हालात बन गए। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया, जिससे बड़ी घटना होने से टल गई। धूनी वाले दादाजी मंदिर परिसर से गुरुवार रात करीब 11 बजे मशाल जुलूस की शुरुआत हुई, जिसमें केवल उन श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया, जिनके हाथों में मशाल थी। यह जुलूस मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नंबर-1) से निकाला गया। जुलूस में शामिल न हो पाने से अन्य श्रद्धालु नाराज हो गए और पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेडिंग को पार करने की कोशिश करने लगे। करीब 10 मिनट तक श्रद्धालु और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की होती रही। आखिरकार भीड़ ने बेरिकेडिंग तोड़ दी और दौड़ते हुए मंदिर परिसर की ओर बढ़ गई। इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। शाम सात बजे तक यहां करीब पौने दो लाख लोगों ने दर्शन किए।

## गर्भवती महिला ने वीडियो बनाकर नेताओं और प्रशासन से लगाई थी गुहार

**इस गांव में करीब 10 किलोमीटर सड़क नहीं**

# सड़क मांग रही लीला को सीधी सांसद का अजीब सा जवाब कहा- डिलीवरी की तारीख बता दो, हम पहले ही उठवा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी



जिले में एक गर्भवती महिला लीला साहू एक साल से अपने गांव तक सड़क बनवाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने वीडियो बनाकर नेताओं और प्रशासन से गुहार लगाई। लेकिन, भाजपा सांसद राजेश मिश्रा ने अजीब सलाह दी कि डिलीवरी की तारीख बता दो, अस्पताल में भर्ती करा देंगे। सांसद ने यह भी कहा कि वे सड़क नहीं बनाते हैं। सड़क तो इंजीनियर और ठेकेदार बनाते हैं।

**पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से सड़क नहीं बन जाएगी**





**चिंता की क्या बात हमारे पास एंबुलेंस है**

वहीं, लीला साहू की मांग पर सांसद राजेश मिश्रा ने कहा कि चिंता की क्या बात है। हमारे पास एंबुलेंस है, अस्पताल है, आशा कार्यकर्ता है, हम व्यवस्था करेंगे। डिलीवरी की एक संभावित तिथि होती है, बताएं तो हम एक हफ्ते पहले उठा लेंगे, अस्पताल में भर्ती करवा देंगे।

**इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में**

लीला साहू ने कहा कि इस गांव में 6 महिलाएं गर्भावस्था में हैं। अगर उनको एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली तो कुछ भी हो सकता है। जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन पर होगी। फिलहाल इस गांव में करीब 10 किलोमीटर सड़क नहीं है। लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। आए दिन रोज वाहन फंसे रहते हैं।



जेपीसी की बैठक में पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की दो टूक

# चुनाव आयोग को 'बेलगाम ताकत' नहीं दी जा सकती

एक देश-एक चुनाव पर 129वें संशोधन बिल के लिए ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेएस खेहर ने चुनाव आयोग को अनियंत्रित शक्तियां न देने की बात कही। उन्होंने निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। पीपी चौधरी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो विधेयक में संशोधन किया जाएगा।



**खास बातें**

- 129 वें संशोधन बिल पर ज्वॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक में कहा
- ईसी की शक्तियों पर बैठक में किया विचार विमर्श



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक देश-एक चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) के लिए 129 वें संशोधन बिल पर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक शुक्रवार संसद भवन में हुई। इस मीटिंग में पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जगदीश सिंह खेहर ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने बैठक के दौरान अपनी बातें भी रखी। दोनों पूर्व सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के चुनाव आयोग को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली को लागू करने में अनियंत्रित शक्तियां नहीं दी जानी चाहिए।

## दोनों ने निगरानी तंत्र की बताई आवश्यकता

इससे पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भी प्रस्तावित संविधान संशोधन कानून में




चुनाव निकाय को दी गई व्यापक शक्तियों पर सवाल उठाया था। डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर ने संसदीय समिति को सुझाव दिया कि चुनावों के संचालन पर एक निगरानी तंत्र होना चाहिए।

### निर्वाचित सरकार का 5 साल का कार्यकाल जरूरी

न्यायाधीशों में से एक ने यह भी कहा कि निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल सुशासन के लिए महत्वपूर्ण है। इसे (पांच साल के कार्यकाल को) किसी भी परिस्थिति में कम नहीं किया जाना चाहिए। संविधान (एक सौ उनतीस वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति जांच कर रही है।

## समिति अध्यक्ष चौधरी कर रहे न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात

भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति, विधेयक पर अपनी



सिफारिशें तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात कर रही है, जिसका उद्देश्य राज्यों में विधानसभाओं और संसद के चुनाव एक साथ कराना है।

### विधेयक में संशोधन की जरूरत पड़ी तो करेंगे: चौधरी

पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के सुझावों पर पीपी चौधरी ने कहा कि जहां तक चुनाव आयोग के प्रावधान का सवाल है, अगर हमें लगता है कि विधेयक में संशोधन की जरूरत है तो हम इसमें संशोधन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम राष्ट्रीय हित में संशोधन करने के बाद ही संसद को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। चौधरी यह भी कहा कि ये महत्वपूर्ण है कि विधेयक की संवैधानिकता बरकरार रहे ताकि यह व्यवस्था अगले सैकड़ों वर्षों तक जारी रहे।

**खबर संक्षेप**

### मराठों की 2 मांगों पर अब जरांगे करेंगे मुंबई मार्च

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन चला रहे मनोज जरांगे पाटील ने फिर से मराठा



समुदाय के लिए ओबीसी श्रेणी में आरक्षण और 'सगे-संबंधी लाभ' के लिए अध्यादेश लाने की 2 प्रमुख मांगों को ध्यान में रखते हुए 29 अगस्त को महाराष्ट्र मंत्रालय तक मार्च निकालने की घोषणा की है। जरांगे ने 'चावड़ी सभा' में यह बात कही है।

### सीएम बनने को बेताब शिंदे भाजपा में जाएंगे

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के



दिल्ली दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि वे सीएम बनने को इतने बेताब हैं कि उन्होंने शिवसेना का भाजपामें विलय करने की पेशकश कर दी है। राउत ने दावा किया कि शिंदे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस की शिकायत की थी।

### गैरकानूनी तरीके से कीटनाशक पर 4 धराए

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर में एक गोदाम मालिक सहित 4 लोगों को अवैध रूप से



कीटनाशकों का उत्पादन करने और भंडारण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपए का कीटनाशक भी जब्त किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान की जा चुकी है।

### बोर खनन वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बोर खनन वाहन के खाई में गिरने से 5लोगों की मौत हो गई



और चार अन्य लोग घायल हो गए।बताया जा रहा कबीरधाम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि यह दुर्घटना कुकदुर थानाक्षेत्र के चाटा गांव में तड़के उस समय हुई, जब वाहन पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा था।

### बिलासपुर में बस खाई में गिरी, 30 घायल

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नम्होल चौक के पास शुक्रवार तड़के एक बस के



गहरी खाई में गिर जाने से 30 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें 7की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने बताया कि बस में 36 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि यह पंजाब के नूरमहल से दरलाघाट वापस जा रही थी, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया।

महाराष्ट्र में विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक को मिली मंजूरी

# चरमपंथी समूहों पर पूरी तरह से लगाएंगे नकेल, अवैध संगठन किए जाएंगे 'बैन'

ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में समर्थन किया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को विधानमंडल के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में सक्रिय ऐसे समूहों पर नकेल कसने के लिए यह आवश्यक था।उनके अनुसार ये संगठन अन्य राज्यों में पहले से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने इसके दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का भी प्रयास किया। दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान परिषद में तो इस विधेयक का समर्थन किया, लेकिन सदन से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक सुरक्षा नहीं भाजपा सुरक्षा विधेयक है। फडणवीस ने शुक्रवार को इस कानून के दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए बताया कि कम से कम छह ऐसे संगठन हैं जो अन्य राज्यों में प्रतिबंधित हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अभी भी सक्रिय हैं। उनके अनुसार इन संगठनों से निपटने के लिए 'विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक' में पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

## अभी भी 6 प्रतिबंधित संगठन कर रहे काम

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने इसे बताया अति आवश्यक**

अब पर्याप्त कानूनी सुरक्षा होगी

### शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर लगेगा अंकुश



गृह विभाग का भी प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने विशेष विधेयक की आवश्यकता पर बल दिया, जो शहरी नक्सलवाद और परोक्ष उग्रवाद पर अंकुश लगाने पर केंद्रित है, और उन्होंने उग्रवादी संगठनों से निपटने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) जैसे कड़े कानूनों की सीमाओं के बारे में भी बताया।

**महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत**

महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में 64 माओवादी संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से 6 को पहले से ही इसी तरह के कानूनों के तहत अन्य राज्यों में प्रतिबंधित किया गया है। यह विधेयक सरकार को उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देगा जो डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार संवैधानिक ढांचे को चुनौती दे रहे हैं।

### अब इन पर होगी कानूनी कार्रवाई

फडणवीस ने कहा कि मुझे खुशी है कि किसी ने भी विधेयक का सीधे तौर पर विरोध नहीं किया। कई सुझाव आए और उनमें से कई को शामिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में बोलते हुए कहा था कि यह विधेयक कुछ ऐसे संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है जो खुद को संवैधानिक और लोकतांत्रिक बताने के बावजूद संविधान को अस्वीकार करना चाहते हैं। केंद्र ने नक्सल गतिविधियों से प्रभावित सभी राज्यों से ऐसा कानून पारित करने को कहा है।

**मंत्री बावनकुले का बड़ा ऐलान**

## धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बनेगा, अवैध गिरजाघरों पर चलेगा बुलडोजर



महाराष्ट्र में भाजपा अब धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाएगी। भाजपा महाराष्ट्र के पूर्व अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखकर बावनकुले ने विधानसभा में बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य सरकार सख्त कानून बनाएगी। विधायक अनुपभैया अग्रवाल, अतुल भातखलकर सहित अन्य विधायकों ने राज्य में धर्मांतरण रोकने से संबंधित प्रश्न पूछा। उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाया जाएगा।

### अनधिकृत ढांचे गिराए जाएंगे

बावनकुले ने कहा कि कहा कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण-रोधी कानून कैसे लाया जाए। उन्होंने सदन में कहा कि धुले-नंदुरबार के संभागीय आयुक्त को क्षेत्र में अनधिकृत गिरजाघरों की जांच करने और उन्हें छह महीने में ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। इस पर बीजेपी के विधायक अतुल भातखलकर ने पूछा कि जब पहले से ही पता है कि गैरकानूनी है तो छह महीने का समय क्यों दिया जा रहा है ? तत्काल अनधिकृत धार्मिक ढांचों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। अब राज्य में अवैद गतिविधियां नहीं चल सकेंगी।

### आदिवासी बेल्ट में धर्मांतरण

बावनकुले ने कहा कि कार्रवाई करने से पहले शिकायतों की जांच आवश्यक है। भाजपा के ही विधायक संजय कुटे ने कहा कि धर्मांतरण केवल नंदुरबार में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के आदिवासी इलाकों में हो रहा है। अग्रवाल ने दावा किया कि नवापुर (धुले जिला) में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए लालच दिया जा रहा है। महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य गुजरात ने दिवंगत सीएम विजय रूपाणी के कार्यकाल में धर्मांतरण रोधी कानून बनाया था।

भुवनेश्वर में राहुल का भाजपा पर हमला

# ओडिशा में 40,000 महिलाएं गायब हुईं, वोट चोरी हो रहे




एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भुवनेश्वर के बारामुंडा मैदान में एक विशाल रैली 'संविधान बचाओ समावेश' को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि ओडिशा में 40,000 से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं। आज तक नहीं मालूम कि ये महिलाएं कहां पर गईं? महिलाओं के खिलाफ हर रोज यहां पर अत्याचार होता है। यहां की सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है। ओडिशा सरकार का एक ही काम है कि राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजेडी सरकार ने यही किया और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं। राहुल ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है।

### तो फिर भाजपा सब छीन लेगी खरगे ने कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सम्मेलन में कहा कि अगर दलित और आदिवासी समुदाय अपने अधिकारों के लिए संघर्ष



करना नहीं सीखेंगे, तो भाजपा उनकी हर चीज छीन लेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के संविधान से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे मूल शब्दों को हटाने की कोशिश में जुटी है। ओडिशा में भाजपा समर्थक दलितों और सरकारी अधिकारियों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर समय रहते दलितों, आदिवासियों और वंचितों ने आवाज नहीं उठाई, तो उनके वोट और अधिकार दोनों खत्म कर दिए जाएंगे।

### कांग्रेस की मांग बेमतलब: अमित



कांग्रेस की आधार और वोटर कार्ड को लिंक कराने की मांग पर भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस का बेशर्मी से भरा पलटवार है। जब 2021 में भाजपा संसद में यह प्रस्ताव लेकर आई तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। अब कांग्रेस वही मांग कर रही है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर आधार को वोटर आईडी से जोड़ने के केंद्र के प्रस्ताव के खिलाफ 2021 में संसद में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को याद किया और कहा कि अब कांग्रेस भी यही चाहती है।

मंत्री राणे के विवादित बोल

# गोल टोपी पहनने वाले लोग वोट नहीं देते, वे हरे सांप हैं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री बने नितेश राणे ने एक बार



फिर विवादित बयान दिया है। राणे ने कहा है कि गोल टोपी पहनने वाले उन्हें वोट नहीं देते हैं। वे हरे सांप हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह हिंदू मतदाताओं की वजह से चुनाव जीतकर आए हैं और मंत्री बने हैं। राणे ने कहा कि अगर मैं हिंदुओं का समर्थन नहीं करूंगा, तो क्या मैं उर्दू बोलने वालों का समर्थन करूंगा?

### हिंदू समाज को बांट रहे ठाकरे बंधु

राणे ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर भी निशाना साधा और कहा कि जैसे जिहादी समाज को तोड़ने की कोशिश करते हैं, वैसे ही ये दोनों (राज और उद्धव ठाकरे) कर रहे हैं। राणे ने पीएफआई और सिमी जैसे संगठनों का भी उल्लेख किया और कहा कि जैसे ये हिंदू राष्ट्र की अवधारणा के खिलाफ काम करते हैं, उसी तरह ठाकरे बंधु भी उनसे अलग नहीं हैं।

## जय बाबा अमरनाथ



**जम्मू।** जम्मू के राम मंदिर आधार शिविर से शुक्रवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते समय तीर्थयात्री धार्मिक नारे लगाते हुए।

राजभाषा विभाग के कार्यक्रम में बोले मंत्री रेड्डी

# हिंदी बोलना मातृभाषा का अपमान नहीं मातृभाषाएं अलग हों तो भी हम 'गैर नहीं'

## हमें तेलुगू की जगह हिंदी बोलने में कोई हर्ज नहीं

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि कभी-कभी होने वाले हिंदी विरोधी आंदोलन बड़े पैमाने पर 'राजनीति से प्रेरित' होते हैं और हिंदी बोलने को किसी की मातृभाषा के अपमान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। केंद्र सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उसकी स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'दक्षिण



संवाद' को संबोधित करते हुए रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जो किसी एक भाषा से नहीं बल्कि साझा आदर्शों और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से एकजुट है।

### कुछ लोग राजनीतिक आंदोलन कर रहे

रेड्डी ने कहा कि वह हिंदी में बात करने की कोशिश करते हैं क्योंकि इससे उन्हें देश भर के लोगों से संवाद करने में मदद मिलती है और ऐसा करना उनकी मातृभाषा तेलुगू के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंदी के खिलाफ बोलते हैं और हिंदी के खिलाफ आंदोलन करते हैं, वह भाषा से जुड़ा आंदोलन नहीं है। यह राजनीतिक आंदोलन है। यह वोट बैंक की राजनीति है।

आयकर विभाग ने मंत्री शिरसाट को भेजा नोटिस

# बेडरूम में कैसे पहुंचा पैसों से भरा बैग? स्पष्टीकरण पेश करें

## छत्रपति संभाजीनगर स्थित विट्स होटल मामले में सियासत गरमाई

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आयकर विभाग ने सामाजिक न्याय मंत्री और एकनाथ शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट को नोटिस भेजा है। शिरसाट ने संभाजीनगर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इस बारे में सीधा खुलासा किया। चुनाव के दौरान हलफनामे में घोषित संपत्ति में भारी अंतर पाए जाने के बाद आयकर विभाग ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। छत्रपति संभाजीनगर स्थित विट्स होटल मामले में मंत्री संजय शिरसाट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शिरसाट को आयकर विभाग से सीधा नोटिस मिला है, जो शिंदे गुट के लिए बड़ा झटका है।



### राउत के बयान पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए: शिरसाट

शिरसाट ने कहा कि संजय राउत ने आज भी भौंकने का काम किया है। हर समय सिर्फ एकनाथ शिंदेदिखते हैं। राउत ने अपने मन की सारी भड़ास निकाल ही दी। हमें उन्हें अस्पताल ले जाना चाहिए? मुझे लगता है बेवकूफ इंसान पर समय बर्बाद नहीं करें।

**पैसे नहीं थे, वे कपड़े थे**

शिरसाट ने दावा करते हुए कहा कि बैग में पैसे नहीं थे, वो कपड़े थे। पहले भी एक बार कहा गया था कि शिंदे के सुरक्षारक्षकों के बैग में पैसे थे। ऐसे लोगों को कपड़े रखने के लिए बैग की जरूरत नहीं होती, उन्हें सिर्फ पैसों की बैग चाहिए होती है। वह बैग मेरे सफर से लौटने के बाद रखी गई थी। हमारे पास मातोश्री जैसा कोई बंगला नहीं है।

उधर, थप्पड़बाज गायकवाड़ पर मामला दर्ज

### फडणवीस बोले- जांच होगी

एमएलए हॉस्टल की कैंटीन में शिवसेना विधायक के कैंटीन कर्मचारी से मारपीट



मामले में मुंबई पुलिस ने शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि घटना की जांच शुरू करने के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है। जांच करनी चाहिए।

कार्टूनिस्ट की अग्रिम जमानत का मामला

# अब याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित कार्टून साझा करने वाले कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। उनकी याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई होगी। इससे पहले मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हेमंत की याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हेमंत द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त



की। मालवीय की अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि मामला एक कार्टून से संबंधित है, जिसे मालवीय ने 2021 में कोविड के दौरान बनाया था और उच्च न्यायालय ने कहा कि अर्नेश कुमार और इमरान प्रतापगढ़ी जैसे ऐतिहासिक मामलों, जो जीवन और स्वतंत्रता से संबंधित थे।

## घाघरा जंगल में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

# मुरम माफियाओं की अब खैर नहीं जिला प्रशासन ने कसी नकेल

## तीन हाइवा जब्त, जेसीबी लेकर फरार हुआ चालक

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में मुरम माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कार्यवाही कर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब अवैध खनन करने वालों के लिए कोई जगह नहीं। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शुक्रवार सुबह घाघरा के जंगलों में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें तीन हाइवा वाहन जब्त किए गए। वहीं, जेसीबी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

हरिभूमि फॉलोअप



### सुबह-सुबह धमक गई टीम

बरगी तहसीलदार प्रदीप तिवारी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सूर्योदय होते ही कार्रवाई शुरू की। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने अवैध खनन स्थल पर दबिश दी, जहां दो हाइवा मुरम से भरे मिले और एक हाइवा लोडिंग की स्थिति में था।

### मौके पर मची भगदड़

जैसे ही अवैध खनन में लिप्त माफियाओं को प्रशासनिक कार्रवाई की भनक लगी, जेसीबी चालक और हाइवा चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। मौके की गंभीरता को देखते हुए खनिज विभाग के अधिकारियों को भी त्वरित रूप से बुलाया गया।

### गुन्ना यादव कर रहा था संचालन

प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि अवैध खुदाई का संचालन मुंगेली निवासी गुन्ना यादव द्वारा किया जा रहा था। सभी जब्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है, और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### मुरम माफियाओं में खौफ

प्रशासन की इस त्वरित और निर्णायक कार्रवाई ने मुरम माफियाओं में खौफ पैदा कर दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों की गंभीरता से जांच कर जिले में खनिज माफियाओं की गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।



## बेल्डिंग की दुकान में सिलेंडर फटने का धमाका

जबलपुर।

शुक्रवार की सुबह सदर मेनरोड में एक बेल्डिंग दुकान में तेज धमाका के साथ गैस सिलेंडर फटने से हडकंप मच गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास लोगों के सहित राहगीर भी दहशत में आ गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जाता है कि सदर मेनरोड स्थित इस्माइल बेल्डिंग सेंटर में सुबह करीब 11.40 बजे लोगो ने तेज धमाके का सुना। धमाके साथ ही पूरे बेल्डिंग सेंटर में सफेद रंग का कैमिकल फैला हुआ नजर आया। वहीं बेल्डिंग सेंटर की छत में लगे टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे में कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई। यदि दुकान की इमारत पक्की होती तो कई लोग उसकी चपेट में आ सकते थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर हुई महिलाओं की संगोष्ठी एवं प्रश्न मंच स्पर्धा

**जबलपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो जबलपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम आमाहिनौता के स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र में महिलाओं की संगोष्ठी एवं प्रश्न मंच स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बढ़ती हुई आबादी के दुष्प्रभाव और नियंत्रण के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में सीबीसीके प्रभारी एस के चौकसे ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी और कहा कि देश की आबादी 146 करोड़ से भी अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि अब अनेक चुनौतियाँ हमारे बीच हैं और इस धरती को अब ज्यादा जनों की नहीं बल्कि ज्यादा वनों की आवश्यकता है, तभी मानव प्रजाति सुखी जीवन प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम में सीएचओ सुमन रजक ने सुरक्षित मातृत्व और टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य सुपरवाइजर अरविंद जैन ने बढ़ती हुई आबादी के दुष्प्रभाव और नियंत्रण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रश्न मंच स्पर्धा का आयोजन किया गया था। स्पर्धा में सही उत्तर देने वाली महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# शहर के दो मंदिरों में चोरी

जबलपुर।

लार्डगंज और कोतवाली थानाक्षेत्र स्थित दो दिरों में चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों की इस करतूत से पुजारियों और श्रृद्धालुओं में आक्रोश बना हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। पांडे चौक स्थित मंदिर के पुजारी बालेश्वर पांडे ने बताया कि रात के वे पट करने के बाद घर चले गए दूसरे दिन जब मंदिर पहुंचे और जैसे ही ताला खोला तो मंदिर थोड़ा अस्त-व्यस्त था और वहां से दान पेटी, चांदी का छत्र और प्लेटें गायब थी। पुजारी ने ऊपर-नीचे नजर घुमाई तो ऊपर की खिड़की खुली हुई थी, जहां से चोर अंदर घुसा और पूरा सामान लेकर वहां से निकल गए। पुजारी ने बताया कि पुलिस को जानकारी देने के बाद संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि जल्द से जल्द चोरों को दबोचा जा सके.वहीं दीक्षितपुरा पूर्वी निवाड़गंज स्थित मंदिर की व्यवस्थाएं संभालने वाले रामेश्वर सोनी ने बताया कि वर्षो से वे रोजाना मंदिर पट रात को 10 बजे बंद करते आ रहे हैं। बीती रात जब मंदिर में प्रभु को शयन कराने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां रखी दानपेटी गायब थी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन किसी ने भी पेटी ले जाते हुए किसी को नहीं देखा। हालांकि मंदिर परिसर और उसके अगल-बगल सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसकी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दान पेटी में करीब तीन से चार हजार रुपए दान होना बताया जा रहा है। मंदिर व्यवस्थापक के अनुसार करीब 15 दिन पूर्व भी मंदिर की मूर्ति से एक चांदी का लॉकेट गायब हो गया था।

## पोषण प्रबंधन कार्यशाला में हुई योजनाओं की समीक्षा

**जबलपुर।** कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह ने आज नरसिंहपुर जिले में भ्रमण कर देवरी-राजमार्ग में आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक शाला, पं. उमाशंकर शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजमार्ग- देवरी का निरीक्षण किया।

कमिश्नर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से नाश्ता, मध्यान्ह भोजन प्रदान करने तथा उनका नियमित रूप से वजन, ऊंचाई एवं टीकाकरण करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कमिश्नर सिंह ने प्राथमिक शाला देवरी- राजमार्ग और पं. उमाशंकर शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी- राजमार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद गतिविधियों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु निर्देश दिये।

## कचनार क्लब संचालक गौरव सेठी की दबंगई से नाराज स्थानीय लोग, बिना अनुमति निगम का हवाला देकर करवा दी कटाई

# कमिश्नर का नाम लेकर काट डाले हरे-भरे पेड़!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरियाली की दुहाई देने वाले शहर में जब जिम्मेदारों के नाम पर ही नियमों की धज्जियां उड़ाई जाएं तो सवाल उठना लाजमी है। कचनार क्लब संचालक गौरव सेठी ने शुक्रवार सुबह हरे-भरे पेड़ों की कटाई करवा दी। स्थानीय लोगों के अनुसार सेठी ने नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव का नाम लेकर कहा कि उसे पेड़ काटने की मौखिक अनुमति मिली है। शिव मंदिर दर्शन करने पहुंचे लोगों ने जब कटाई देखी तो विरोध किया। जब अनुमति की कॉपी मांगी गई तो गौरव कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। भीड़ बढ़ती देख आनन-फानन में कटाई का काम बंद करवा दिया गया।

**शादी-विवाह के सीजन में भी लगवाता है भीषण जाम, नहीं कोई इंतजाम**





### प्रशासनिक संबंधों की धमकी

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गौरव सेठी इलाके में लंबे समय से दबंगई करता आ रहा है। क्लब के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर सार्वजनिक जगहों का उपयोग करता है और कोई कुछ कह दे तो प्रशासनिक संबंधों की धमकी देता है।

### बीच सड़क कराता है पार्किंग

सेठी शादी-ब्याह के सीजन में क्लब में एक साथ चार-चार बड़े आयोजन कराता हैं, जिससे कचनार सिटी की सड़कों पर घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहता है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होती, लोग अपने वाहन बीच सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे आम नागरिकों और आपात सेवाओं तक को परेशानी उठानी पड़ती है।

### ननि की भूमिका पर उठे सवाल

निगम प्रशासन की चुप्पी इस पूरे प्रकरण में संदेह खड़ा करती है। यदि अनुमति दी गई थी, तो वह सार्वजनिक क्यों नहीं है? और यदि नहीं दी गई थी, तो क्या ऐसे लोगों पर कार्रवाई से प्रशासन डरता है?

### होनी चाहिए कार्रवाई

स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि क्लब संचालक की दबंगई पर अंकुश लगाया जाए और हरे-भरे वृक्षों की कटाई जैसे अपराध पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## सुप्रा डायग्नॉस्टिक में चार घंटे की छापेमारी, दस्तावेज जब्त, डिमांड की रिमांड पर हो रहे खुलासे

# कहां है सरताज? पहलवान गैंग की गिरफ्त से मिली बड़ी कामयाबी, टर्की में छिपा सरताज!

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले की सबसे कुख्यात अब्दुल रज्जाक उर्फ पहलवान गैंग के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। गैंग के चार सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का सारा फोकस डिमांड पर मिली चार दिन की रिमांड में अब फरार सरगना सरताज की तलाश पर टिक गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पूछताछ के दौरान बार-बार एक ही सवाल उभरकर आ रहा है कहां है सरताज?

हरिभूमि फॉलोअप





### सहबाज की फर्म पर पुलिस का छापा

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने सरताज के बड़े भाई अब्दुल वहीद के बेटे सहबाज की फर्म सुप्रा डायग्नोस्टिक पर छापा मारा। करीब चार घंटे तक चले इस सर्च ऑपरेशन में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिसके बाद फर्म को सील कर दिया गया। यह छापेमारी एएसपी सिटी आनंद कलादगी के नेतृत्व में प्रशासनिक, स्वास्थ्य अधिकारियों की निगरानी में की गई। जिससे गैंग की वित्तीय गतिविधियों की परतें खुलने लगी हैं।

### सिवनी-जबलपुर से गिरफ्तारी, लग्जरी कार-हथियार बरामद

इस कार्रवाई की शुरुआत तब हुई जब पुलिस ने सिवनी के ओलिव रिसोर्ट में दबिश देकर सरताज के भतीजे महमूद, अजहर और सज्जाद को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर सरफराज को जबलपुर स्थित उसके निवास से पकड़ा गया। गिरफ्तार हुए आरोपियों के पास से एक बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज कार, पिस्टल और कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

### मौके से भागा अब्बास, तलाश जारी

सिवनी रेड के दौरान गैंग का एक अन्य सदस्य अब्बास मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और कई पनाहगारों से पूछताछ कर रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है, जिससे और गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

### टर्की में छिपा है सरगना, इंटरपोल से संपर्क

सबसे सनसनीखेज जानकारी यह है कि सरताज फिलहाल टर्की में छिपा हुआ है। इससे पहले वह दुबई में सक्रिय था, लेकिन दबाव बढ़ने के चलते वह वहां से फरार हो गया। पुलिस अब रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी में है और इंटरपोल से औपचारिक संपर्क किया जा चुका है।

### बहुस्तरीय जांच में जुटी जबलपुर पुलिस

जबलपुर पुलिस की यह कार्रवाई अब तक की सबसे व्यापक और रणनीतिक जांच मानी जा रही है। गैंग के नेटवर्क, फंडिंग और पनाहगारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### सील करने की कार्रवाई की गई

रिमांड पर पूछताछ चल रही है। कुछ अहम सुराग हाथ लगे है जिसकी तस्दीक की जा रही है। सुप्रा डायग्नोस्टिक में प्रशासनिक, स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में दबिश दी गई थी। कुछ खामियां और दस्तावेज बरामद किए गए है जिसको लेकर उसको सील करने की कार्रवाई की गई है।

-आनंद कलादगी, एएसपी सिटी

## फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने पर कंप्यूटर सेंटर संचालक पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा कुलदीप पाराशर ने शहपुरा में फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वाले कंप्यूटर सेंटर के संचालक पर एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से ऐसी शिकायते मिल रही थीं कि कुछ कंप्यूटर सेंटर से फर्जी तरीके से आय और स्थानीय निवास प्रमाण पत्र दिए जा रहे है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर शहपुरा में तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी का दल बनाकर शहपुरा के कंप्यूटर सेंटर की जांच कराई गई। जांच के दौरान एक केंद्र सेन कंप्यूटर शहपुरा के द्वारा लोक सेवा केंद्र शहपुरा में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी बीएल कुरवेती विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कूटरचित डिजिटल हस्ताक्षर कर फर्जी तरीके से आय निवास प्रमाण पत्र तैयार करना पाया गया। सेंटर में तैयार किए गए प्रमाण पत्र मप्र शासन के पोर्टल में दर्ज होना नहीं पाए गए। संचालक से लैपटॉप और दस्तावेज़ जब्त किए गए। जांच उपरांत विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीएल कुरवेती के प्रतिवेदन पर पुलिस थाना शहपुरा में संचालक प्रदीप पिता उत्तम सेन निवासी शहपुरा के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।


बिजनेस साइट

## मोमेंटम इन्वेस्टिंग: विजेताओं के साथ बने रहना क्यों महत्वपूर्ण है

**जबलपुर।** निवेशकों के बीच एक प्रचलित व्यवहारिक विशेषता यह है कि वे व्यापक सूचकांक की तुलना में मजबूत पर रिटर्न देने वाले शेयरों में मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति रखते हैं। यह प्रवृत्ति अक्सर इस धारणा से प्रेरित होती है कि, तेज बेहतर प्रदर्शन के एक फेज के बाद, भविष्य में लाभ कम होने लग सकते हैं। परिणामस्वरूप, कैपिटल अक्सर पिछड़े शेयरों में इस विश्वास के साथ घुमाई जाती है कि वे फिर से तेजी पकड़ेंगे।

हालांकि, एक अधिक स्ट्रक्चर्ड और अक्सर अधिक प्रभावी दृष्टिकोण उन शेयरों में चुनिंदा रूप से निवेश बढ़ाने में निहित है जो पहले से ही लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह रणनीति मोमेंटम निवेश के सिद्धांत पर आधारित है। यह विचार कि हाल ही में मजबूत प्रदर्शन करने वाली एसेट्स के निकट भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की अधिक संभावना है। ऐसे विजेताओं को अधिक कैपिटल आवंटित करके और लगातार कम प्रदर्शन करने वालों में निवेश कम करके, निवेशक संभावित रूप से अपने ओवरऑल पोर्टफोलियो रिटर्न को बढ़ा सकते हैं।

मोमेंटम-आधारित निवेश, जब सोच-समझकर लागू किया जाता है, तो प्राइस, ग्रोथ या गुणवत्ता जैसी पारंपरिक निवेश शैलियों से आगे निकल सकता है। यह स्वाभाविक रूप से शैली - अज्ञात है, और कैपिटल को बाजार के उन क्षेत्रों में प्रभावी तौर से रीएलोकेट करता है जो मजबूती दिखा रहे हैं, चाहे उनका मूलभूत वर्गीकरण कुछ भी हो। यह सुविधा इसके प्रमुख लाभों में से एक है, खासकर अस्थिर या ट्रेंड-संचालित बाजार में।



दीपक दत्त शर्मा
निदेशक
एमएफ किंग, जबलपुर

महत्वपूर्ण बात यह है कि मोमेंटम निवेश को केवल प्राइस मूवमेंट पर आधारित रणनीति समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। इसका स्थायित्व पॉजिटिव प्राइस गतिविधि और मजबूत होते बुनियादी सिद्धांतों, विशेष रूप से आय वृद्धि और आय अनुमानों में ऊपर की ओर संशोधन के संगम से उत्पन्न होता है टेक्निकल प्रदर्शन और बेहतर होते कॉर्पोरेट दृष्टिकोण के बीच यह तालमेल इस संभावना को बढ़ाता है कि अप्रत्याशित मैक्रो - आर्थिक बाधाओं को छोड़कर, ट्रेंड्स बने रहेंगे।

संक्षेप में कहा जाए तो, एक अनुशासित मोमेंटम रणनीति, जो बाजार के व्यवहार और फंडामेंटल्स एनालिसिस दोनों पर आधारित है, निवेशकों को प्रचलित रुझानों का लाभ उठाकर निरंतर बेहतर प्रदर्शन हासिल करने की स्थिति में लाती है, बजाय इसके कि वे औसत रिवर्जन की तलाश में सफल ट्रेंडों से समय से पहले ही बाहर निकल जाएं।

प्रोफेशनल तौर पर प्रबंधित मोमेंटम - फोक्स्ड म्यूचुअल फंड मोमेंटम रणनीति अपनाने वाले निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं। मोमेंटम शेयरों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जिसके लिए अक्सर टेक्निकल और फंडामेंटल एनालिसिस की आवश्यकता होती है। ये फंड विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और प्रोसेस को आसान बनाते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड में निवेश करने पर विचार करें, जो एक ओपन-एंडेड फंड है जो कमाई या प्राइस मोमेंटम के आधार पर शेयरों का चयन करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) की अवधि 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेशकों के लिए खुला है।

## गुरु पूर्णिमा पर पादुका पूजन


जबलपुर। विजयनगर अग्रसेन मंडपम में गुरु पूर्णिमा में पंडित तरुण चौबे महाराज का भक्तजन स्वागत सम्मान करते हुए।


जबलपुर। चेरीताल सरस्वती कॉलोनी स्थित पंडित वासुदेव शास्त्री के यहां गुरु पूर्णिमा पर्व पर भक्त पहुंचे गुरु पूजन के लिए।


जबलपुर। ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गुरुदेव अपने शिष्यों को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आशीर्वाद एवं गुरु मंत्र देते हुए।


जबलपुर। गुरु पूर्णिमा पर्व पर नरसिंह मंदिर में गुरु का पूजन करने भक्तजनों का तांता लगा हुआ है।


जबलपुर। सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मठ में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की चरणपादुका का पूजन अर्चन व देवी आराधना करते भक्तजन।


जबलपुर। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मठ में गुरुदेव चैतन्यानंद महाराज माता रानी का पूजन अर्चन करते हुए।

### जनप्रतिनिधियों की खामोशी से बदहाल सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं

# विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट पंचवटी मार्ग कीचड़ में तब्दील

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की खूबसूरती और संगमरमर वादियों का लुत्फ उठाने का आनंद के लिए पर्यटक हजारों की संख्या में रोज आते हैं। एनएच हाईवे से चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर संगमरमर की वादियों का अवलोकन करने पर अलग ही आनंद की अनुभूति होती हैं लेकिन भेड़ाघाट चौराहा से पंचवटी तक की सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है मुख्य भेड़ाघाट चौराहा पर पानी की निकासी न होने से सड़क मार्ग दलदल में तब्दील हो गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

### मूकदर्शक बना लोक निर्माण विभाग

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क का ठेका होने से इस सड़क को लावारिस छोड़ दिया गया है तभी तो इस सड़क की दुर्दशा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क का शीघ्र कार्य चालू होगा यह कहकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। कई पर्यटकों ने बताया कि पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की सड़क को देखकर लगता है कि कहीं गांव खेड़ा से भी बत्तर हो गई है।

### भूमि पूजन कर जनप्रतिनिधि भी भूले



भेड़ाघाट विकास की दम भरने वाली जनप्रतिनिधि भी भेड़ाघाट पंचवटी मार्ग की दुर्दशा देखने की भी फुर्सत नहीं है और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों की बात पर विश्वास कर वास्तविक स्थिति से कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह का भेड़ाघाट से विकास को लेकर हमेशा अग्रणी रहते हैं फिर भी भेड़ाघाट मार्ग की दुर्दशा बखान कर रही हैं ऐसा लगता है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कैबिनेट मंत्री को गुमराह कर रहे हैं तभी तो भेड़ाघाट की सड़क को लावारिस छोड़ दिया गया है।

## नगर में जगह-जगह हो रही अवैध गैस रिफिलिंग

**बरेला।** नगर में अनेक जगह ऑटो में घरेलू गैस का उपयोग कर गैस रिफिलिंग की जा रही है।इस अवैध ऑटो गैस रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है।नगर के भीड़ भरे इलाकों जैसेकन्या शाला के पास,वार्ड नंबर 6 में बर्मन मोहल्ले के पास, वार्ड नंबर 9 में नर्मदा मंदिर के पास धडल्ले से ऑटो में घरेलू गैस भरी जा रही है। जगह-जगह खुले अवैध गैस रिफिंलिग सेंटर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन और क्राइम ब्रांच की मिली भगत से अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर का धंधा फल फूल रहा है।इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर मैं कहीं किसी भी दिन बड़ा धमाका हो सकता है,जिसके कारण जान - माल की हानि भी हो सकती है। शायद स्थानीय प्रशासन किसी बड़े हादसा का इंतजार कर रहा है,तब कहीं जाकर इन अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर अंकुश लग पावेगा। क्राइम ब्रांच और पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग 1 वर्ष पूर्व इन अवैध केंद्रों पर कार्रवाई की गई थी इसके बाद यह सेंटर बंद हो गए थे किंतु कुछ समय बाद पुनः संचालन शुरू हो गया है जो कि अभी तक आवाद है। स्थानीय नगर वासियों ने नगर और क्षेत्र में फल फूल रहे अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर कार्यवाही की मांगपुलिस प्रशासन से की है।

## चौराहे पर जाम पड़ी पुलिया, रास्ते में भर जाता है पानी



बरेला। अनवरत हो रही बारिश के कारण बरेला मनेरी मार्ग पर शारदा नगर तीराहे के पास स्थित पुलिया जाम होने के कारण यहां पर पानी भर जाता है इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि इस तीराहे पर चारों तरफ से पानी आता है तथा तीराहे पर पुलिया जाम होने के कारण रास्ते पर पानी भर जाता है स्थानीय निवासी छोटू तिवारी और शनि महाराज ने बताया कि शारदा नगर तिराहा पर शारदा नगर से मनेरी जाने वाली मार्ग पर पढ़ने वाली इस पुलिया पर अनेक दिनों से पानी भरा रहता है इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जवाब देह अधिकारियों को भी सूचित किया गया है किंतु इसके बावजूद भी आज तक यहां पर कोई भी अधिकारी ,कर्मचारी इस पुलिया को सुधरवाने नहीं आया है जिसका कारण चारों तरफ पानी भर जाता है बताया जाता है कि विगत दिवस जब जोरदार बारिश हो रही थी तब इस जाम पुलिया के कारण उनकी दुकान तक पानी भर गया था जिसके कारण उनका उनके सामान का भी नुकसान हो गया किंतु उसके बावजूद भी अभी तक इस जाम पुलिया को खोलने की कोई कोशिश लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने इस पुलिया के सुधार की मांग की गई है।

# छात्रोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों को बांटे मेडल व प्रशस्ति पत्र



**सिहोरा।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अभाविप का 77 वां स्थापना दिवस सिहोरा नगर इकाई द्वारा धूमधाम से मनाया गया। छात्रोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से नगर के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 के लिए नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार शशांक दुबे एवं अभाविप के प्रांत छात्रा प्रमुख सुश्री आंचल मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। तहसीलदार दुबे ने कहा परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता वैचारिक भूमिका, सिद्धांत,उद्देश्य,कार्यक्रम एवं कार्यपद्धति से निर्माण होने वाला एक आदर्श कार्यकर्ता है और इसी विचार को लेकर विद्यार्थी परिषद का कार्य लगातार करता आ रहा है ।प्रांत छात्रा प्रमुख ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की भूमिका सिर्फ संस्थानों में आंदोलन खड़ा करना नही बल्कि इस समाज एवं राष्ट्र के लिए ईमानदार, योग्य,अनुभवशाली,राष्ट्रवादी,संवेदनशील पीढ़ी तैयार करना भी है जो विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने की क्षमता रखते हो। जिला विद्यार्थी विस्तारक/प्रांत एस एफ एस सह संयोजक आदर्श सिंह,प्रांत प्रमुख शिवम चौरसिया, विभाग छात्रा प्रमुख राशि जैन,जिला संयोजक आनंद श्रीवास जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष निशांत वात्रि, शरद शर्मा,अंशी मिशा,लक्की यादव,रंजीत पटेल, पूर्वी तिवारी,निखिल बर्मन आदि उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा पर कालेज में दिखा उत्साह




**पाटन।** शासकीय शोभा सिंह यादव महाविद्यालय पाटन में जन भागीदारी अध्यक्ष बलराम सिंह यादव एवं प्राचार्य पुनीत मरवाह विशिष्ट अतिथि राजेश नायक सेवानिवृत्त शिक्षक अटल प्रगति सह संपादक की उपस्थिति में सरस्वती माता के चित्र पर पूजन के बाद प्रारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत सम्मान शाल श्रीफल से किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा की कविता के माध्यम से गुरुओं का सम्मान प्रकट किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जन जागरण के आकाश ने शपथ के माध्यम से जन जागरण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित किया एवं स्वदेशी वस्तुओं की उपयोग के लिए प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के महिला प्रोफेसर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक कारण उपस्थित रहे।

## ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य शिष्य मंडल ने किया पादुका पूजन



**जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी सरस्वती महाराज शिष्य मंडल जबलपुर के द्वारा पादुका पूजन और सुंदरकांड पाठ तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्री राम भवन बलदेवबाग में आयोजित किया गया। पूजन अर्चन का कार्यक्रम आचार्य पंडित मनोज तिवारी एवं सदन तिवारी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस मौके पर शंकराचार्य शिष्य मंडल के अनिल तिवारी सत्येंद्र दुबे जीपी शर्मा गणेश पटेल उत्तम पाठक मुकेश पाठक विपिन शर्मा दिनेश दुबे उमेश गुप्ता मल्लू पप्पू अग्रवाल देवेंद्र पटेल रितम तिवारी सूर्यम तिवारी सहित बड़ी संख्या में महाराज श्री के भक्त और श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## मिलिए प्रभु श्री राम से कार्यक्रम आज



**जबलपुर।** सुप्रभातम संस्था, गुंजन कला सदन के तत्वाधान में मिलिए प्रभु श्री राम से कार्यक्रम आज शनिवार को शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विद्वानों द्वारा सुविचार रखे जाएंगे। इसके साथ ही रामायण पर आधारित लघु नृत्य नाटिका आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक अजय बिश्नोई, डॉक्टर अभिलाष पांडे, मानस वेत्ता आलोक पाठक, अभय जैन अनुश्री ने उपस्थित रहेंगे।



## महक ने सीए की परीक्षा पास कर सिहोरा को किया गौरवान्वित

**सिहोरा।** अखिल भारतीय असाटी समाज महासभा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद असाटी एवं श्रीमति मीना असाटी की सुपुत्री कुमारी महक असाटी ने सी ए की परीक्षा पास कर परिवार ही नहीं बल्कि सिहोरा नगर को भी गौरवान्वित किया है। महक की इस सफलता से परिवार में उत्साह का वातावरण है। महक नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई विनोद असाटी,राजेश असाटी की भतीजी एवं प्रगुण,रोहन,वेदांत,सुयश असाटी की बहन हैं।

## 3 बदमाश चाकू तलवार सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** घमापुर, लार्डगंज और मझौली थाना क्षेत्र में शातिर बदमाश बाबिल कुचबंधिया सहित तीन आरोपियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 तलवार और 2 चाकू जब्त की है। घमापुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर सतपुला जवाहर स्कूल के पास चाकू लेकर घूम रहा कांचघर कुचबंधिया मोहल्ला घमापुर निवासी 23 वर्षीय बाबिल कुचबंधिया को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चाकू जब्त किया है। इसी तरह लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौकी यादव कालोनी स्थित रानीताल मुक्तिधाम के पास तलवार लेकर गालीगलौज कर रहे आने जाने वालें राहगीरों को धमकी दे रहे राममंदिर संजय गांधी कॉलेज के पास सर्वोदय नगर लार्डगंज निवासी 35 वर्षीय नारायण कोरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तलवार जब्त की है। इसी प्रकार मझौली पुलिस ने ग्राम नेगई तिराहा इंद्राना मे दबिश देते हुये गौरा नेगई निवासी 19 वर्षीय सुमित चौधारी को चायना चाकू सहित पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## एक्टिवा सवार बदमाश मोबाईल लूटकर भागे

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत रेस्ट हाउस नंबर 2 के पास मोबाइल में बात करते हुए घर आ रहे एक युवक का मोबाइल एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने लूटकर ले गए। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वेटरनरी कॉलेज सुभाष हॉस्टल निवासी 25 वर्षीय धीरज नंदा गत रात 9.20 से 9.30 बजे के बीच रेस्ट हाउस नंबर 2 की ओर से अपने रुम की ओर अकेले पैदल अपने मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। रेस्ट हाउस नंबर 2 के आगे एक्टिवा में आए दो अज्ञात लड़कों ने पीछे से उसका वीवो व्ही. 29 प्रो मोबाइल छीन कर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## जबलपुर में ई-कॉमर्स सिस्टम से होगी उत्पादों की डिलेवरी

**जबलपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का क्रियान्वयन और इन गतिविधियों को समुदाय तक पहुंचाने के संबंध में बैठक आयोजित की। इस बैठक में एसआरएलएम ऑन व्हीलस कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। एसआरएलएम ऑन व्हीलस कार्यक्रम के तहत, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उत्पादित सामग्रियों को तत्परता से समुदाय तक पहुंचाने के लिए ई-कॉमर्स सिस्टम का उपयोग किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्विगी, जोमेटो, बिलिंकइट और बिग बास्केट जैसी कंपनियों की तरह ही काम करेगा, जो फोन कॉल पर ही सामग्रियों की डिलेवरी करती हैं। उन्होंने कहा कि जिला परियोजना अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन इस कार्यक्रम के समन्वय नोडल अधिकारी होंगे। वे इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। कार्यक्रम का विस्तार के संबंध में जानकारी दी गई कि एसआरएलएम ऑन व्हीलस कार्यक्रम को जबलपुर संभाग के अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा। इससे जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों में उत्पादित सामग्रियों को समुदाय तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### बस परिचालक सहित 2 घायल

## रंगदारी वसूलने हुई मारपीट की वारदाते

**जबलपुर।** घमापुर और गढ़ा थाना क्षेत्र में मारपीट की दो वारदातें सामने आई है। घमापुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया वहीं गढ़ा अज्ञात बदमाशों ने बस परिचालक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान बस परिचालक के हाथ में रखे 4 हजार रुपए भी गिर गए। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने पर ऐश्वर्य नाहर, कौशिक सोंधिया, पुष्पराज सिंह ने लालमाटी घमापुर निवासी 17 वर्षीय हर्ष रजक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हर्ष के चाचा संजय रजक बीच बचाव करने आए तो तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह गढ़ा में देवरीकला पनागर निवासी 34 वर्षीय बस परिचालक अभिषेक गुप्ता गत दिवस बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1292 से भेड़ाघाट से जबलपुर आ रहा था शाम करीबन 06.45 बजे हितकारणी स्कूल के तिराहे पर मुंह पर गमछा लपेटे तीन अज्ञात लड़के बस में चढ़े, जो रामायण मंदिर के आगे पहुंचने पर अभिषेक से शराब पीने के लिए एक हजार रूपये की मांग करने लगे। पैसे देने से मना करने पर गालीगलौज कर मारपीट कर उसके गाल में, पेट में, पीठ में चोटे पहुंचा दी। मारपीट करने के बाद रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। झूमा झपटी के दौरान उसके हाथ में रखे 4 हजार रूपये बस में गिर गये जो नहीं मिले। एक लडका काई कलर की टी शर्ट एवं ब्लेक रंग का पेंट एवं दूसरा लडका नीला रंग का लोवर एवं हल्के पीले रंग की शर्ट एवं तीसरा लडका हल्का नीला जींस एवं चौकडी की शर्ट पहने था तीनों लडको की उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच होगी तीनों सामान्य बदन के थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1),115(1), 351(2), 5(5),बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्रीमती जमुना देवी खत्री-** बड़ी ओमती रसोई के पीछे निवासी श्री शीतल दास खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना देवी खत्री (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम नारायण बसेडिय़ा-** स्टेट बैंक कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री राम नारायण बसेडिय़ा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शालिनी कोल-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष कोल की पुत्री कु. शालिनी कोल (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कोमल चौहान-** गुजराती मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री कोमल चौहान (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमवती रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती रजक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र झा-** लालमाटी कछियाना मंगल पराग मैदान के पास निवासी श्री सुरेश चंद्र झा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता बाई लोधी-** रानीपुर गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री तोड़ल सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई लोधी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. सीता भाट-** सेठीनगर




गुप्तेश्वर निवासी श्री लक्ष्मी भाट की पुत्री कु. सीता भाट (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा बाई पासी-** बड़ी ओमती निवासी श्री हरी प्रसाद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई पासी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मनन चौबे-** रामेश्वरम कॉलोनी उखरी रोड विजयनगर निवासी श्री अवधेश कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती मनन चौबे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र डांगे-** ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री वीरेंद्र डांगे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती गोस्वामी-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री परसुराम गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती गोस्वामी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री अशोक कुमार बंशकार के पुत्र श्री सचिन बंशकार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री करण बैरागी-** पोलीपाथर बागड़ा दफाई निवासी श्री भुजबल दास बैरागी के पुत्र श्री करण बैरागी (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### पीसी ज्वेलर को 500 करोड़ की इक्विटी जुटाने मंजूरी



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने इस वर्ष के अंत तक कर्ज मुक्त होने की अपनी योजना के तहत अपने ऋण का पूर्व भुगतान करने को प्रवर्तकों और कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड से 500 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। दिल्ली स्थित पीसी ज्वेलर के कुल 52 शोरूम हैं, जिनमें से 49 कंपनी के स्वामित्व वाले हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 पर बंद



**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर घरेलू बाजार और व्यापार शुल्क अनिश्चितता के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडाई वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने से वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

### निप्पॉनप्लाई विस्तार पर करेगी 250 करोड़ रु. निवेश

SOURCE | STRENGTH | STYLE
NIPPONPLY
LONG LASTING PLY - SINCE 1994
PLYWOOD - VENEER - DOOR - LAMINATE

**नई दिल्ली।** गुजरात की निप्पोनप्लाई इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात के लिए उत्पादन बढ़ाने, ई-कॉमर्स बुनियादी ढांचे के विकास और डिजाइन केंद्र स्थापित करने के लिए अगले तीन वर्ष में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी पैनल और फर्नीचर विनिर्माण विस्तार में 65 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### इरेडा का लाभ जून तिमाही में घटकर 36 प्रतिशत रहा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लि. (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 247 करोड़ रुपये रहा है।ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी ने 384 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टाटा एलेक्सी का मुनाफा घटकर 144.3 करोड़ रुपए

TATA
TATA ELXSI

**नई दिल्ली।** डिज़ाइन और प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा एलेक्सी का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 21.5 प्रतिशत घटकर 144.36 करोड़ रुपये रहा है। व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, निर्णय लेने को प्रभावित करने वाले उद्योग-विशिष्ट मुद्दों के कारण कंपनी का मुनाफा घटा है।

### फेरेरो 3.1 अरब डॉलर में करेगी केलॉग का अधिग्रहण

**वाशिंगटन।** न्यूटेला और किंडर जैसे लोकप्रिय ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली इतालवी कंपनी फेरेरो ने अमेरिकी कंपनी डब्ल्यूके केलॉग को करीब 3.1 अरब डॉलर में खरीदने की घोषणा की। बिक्री बढ़ाने यह अधिग्रहण करने जा रही है। फरेरो अमेरिका, कनाडा और कैरेबियाई क्षेत्र में केलॉग के नाश्ता अनाज उत्पादों का निर्माण, विपणन और वितरण करेगी। केलॉग की स्थापना 1906 में हुई थी और यह कॉर्न फ्लेक्स, फ्रूट लूप्स, स्पेशल के और राइस क्रिस्पी जैसे प्रतिष्ठित उत्पादों के लिए जानी जाती है। यह अधिग्रहण वर्ष 1946 में स्थापित फेरेरो के अमेरिकी विस्तार की रणनीति का हिस्सा है। उसने वर्ष 2018 में नेस्ले के अमेरिकी कैंडी ब्रांड्स और 2022 में आइसक्रीम ब्रांड वेल्स एंटरप्राइजेज का भी अधिग्रहण किया था।

---

### पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत ईवी ट्रकों की खरीदी पर प्रोत्साहन मिलेगा

# सरकार ने इलेक्ट्रिक ट्रक को बढ़ावा देने शुरू की योजना, 9.6 लाख रुपए तक मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद बढ़ाने योजना लाई गई
- योजना के तहत 10,900 करोड़ के बजट से 500 करोड़ ट्रकों के लिए निर्धारित



भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सरकार की पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर ग्राहकों को 9.6 लाख रुपये तक के प्रोत्साहन देने की योजना शुक्रवार को शुरू की। यह पहली बार है जब इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद को बढ़ावा देने के लिए योजना लायी गयी है।

इस योजना के तहत 10,900 करोड़ रुपये के बजट में से 500 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। बंदरगाह, लॉजिस्टिक, सीमेंट और इस्पात सहित अन्य उद्योग इस योजना के प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसके तहत 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन देने की योजना है।

#### डीजल ट्रक की कुल तीन फीसदी हिस्सेदारी

कुमारस्वामी ने कहा, " कुल वाहन संख्या में डीजल ट्रक की केवल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद परिवहन-संबंधी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इसका योगदान 42 प्रतिशत है। ये वायु प्रदूषण को काफी बढ़ा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित यह, इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए पहली योजना है।

#### लॉजिस्टिक लागत होगी कम

कुमारस्वामी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रयास 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा, स्थानीयकरण को प्रोत्साहित करेगा, लॉजिस्टिक लागत को कम करेगा और ईवी एवं बैटरी मूल्य श्रृंखलाओं में हरित रोजगार सृजित करेगा।

#### प्रोत्साहन पाने पुराने ट्रकों को हटाना जरूरी

अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में दिल्ली में पंजीकृत करीब 1,100 ई-ट्रक के लिए प्रोत्साहन राशि आरक्षित है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के समाधान में मदद मलेगी। इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु पुराने प्रदूषणकारी ट्रकों को हटाना अनिवार्य है।

#### फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था

भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने कहा, " फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था और यह पहली बार है कि सरकार ग्राहक-केंद्रित इलेक्ट्रिक ट्रक योजना शुरू कर रही है... इसका मतलब है कि 'पीएलआई वाहन' योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक विनिर्माता प्रोत्साहन के पात्र हैं। यह एक ऐसी योजना है जिसमें हम ग्राहकों को उचित सब्सिडी प्रदान करके सीधे इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं..।

#### 12 से 55 टन तक जीवीडब्ल्यू ट्रक शामिल

इस योजना के तहत, केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (सीएमवीआर) के तहत परिभाषित एन2 और एन3 श्रेणी (मध्यम एवं भारी माल ढुलाई के लिए) के इलेक्ट्रिक ट्रकों पर भी मांग प्रोत्साहन लागू किया जाएगा। एन2 श्रेणी में 3.5 टन से अधिक और 12 टन तक के सकल वाहन भार (जीवीडब्ल्यू) वाले ट्रक शामिल हैं जबकि एन3 श्रेणी में 12 टन से अधिक और 55 टन तक के जीवीडब्ल्यू वाले ट्रक शामिल हैं।

#### बैटरी के लिए पांच साल की वारंटी शामिल होगी

इलेक्ट्रिक ट्रकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माता एक व्यापक विनिर्माता-समर्थित वारंटी प्रदान करेंगे। इसमें बैटरी के लिए पांच साल या पांच लाख किलोमीटर की वारंटी शामिल होगी जबकि वाहन एवं मोटर के लिए वारंटी पांच साल या 2.5 लाख किलोमीटर (जो भी पहले हो) होगी। कई मूल उपकरण विनिर्माताओं ने भारत में इलेक्ट्रिक ट्रकों का विनिर्माण शुरू कर दिया है।

---

# आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और श्रीराम फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ⏭ मुंबई




- मानदंड़ों के उल्लंघन के लिए एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख का जुर्माना
- श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने ग्राहक को ऋण देते समय भारत में विदेशी निवेश से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 'भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल ऋण) निर्देश, 2025' के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीएफसी बैंक पर जुर्माने के संबंध में आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया था, जिसके जवाब में बैंक ने लिखित उत्तर और मौखिक रूप से भी स्पष्टीकरण दिया था। आरबीआई ने कहा, "मामले के तथ्यों और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा दिए गए जवाब पर विचार करने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन सिद्ध हो गए हैं और जुर्माना लगाना उचित है। आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2024 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में श्रीराम फाइनेंस का वैधानिक निरीक्षण किया गया था।

---

# सोना 700 रुपए मजबूत, चांदी में 1,500 रुपए प्रति किग्रा की तेजी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सोना बढ़कर 99,370 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमत भी 1,500 रुपए बढ़कर 1,05,500 प्रति किलोग्राम




राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 700 रुपये बढ़कर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से निवेशकों में चिंता के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ने से इसकी कीमत में तेजी आई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले बाजार बंद के समय यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,05,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बृहस्पतिवार को चांदी 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बढ़ती व्यापार चिंताओं ने आम तौर पर स्थिर अमेरिकी डॉलर के संतुलित रुख को बिगाड़ दिया, जिससे शुक्रवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।

#### शुल्क संबंधी अनिश्चितता सामने आई

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अगस्त से कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर 15 से 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना का संकेत दिया है। गांधी ने कहा कि शुल्क संबंधी अनिश्चितता इस सप्ताह फिर से सामने आई है और यह सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं की ओर निवेश को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख कारक है।

### टाइटन कंपनी के अजय चावला होंगे प्रबंध निदेशक




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की टाइटन कंपनी लिमिटेड ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत अजय चावला एक जनवरी, 2026 से कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) बनेंगे। वह सी के वेंकटरमन का स्थान लेंगे।

टाइटन कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चावला फिलहाल कंपनी के आभूषण खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। कंपनी ने बताया कि तनिष्क इंडिया के कारोबार प्रमुख अरुण नारायण एक जनवरी, 2026 से इसके आभूषण प्रभाग के सीईओ बन जाएंगे।

---

# आईटी, वाहन शेयरों में बिकवाली से तीसरे दिन सेंसेक्स 690 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई



- वैश्विक बाजार में मिलाजुला रूख रहा
- शुल्क बम को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी रही

मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई।

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689.81 अंक गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 205.40 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर जून तिमाही के नतीजे आने के बाद 3.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो जाने की सूचना दी है। तिमाही के दौरान रुपये में राजस्व 1.3 प्रतिशत बढ़कर 63,437 करोड़ रुपये हो गया।

इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

#### आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गई।/" नायर ने कहा, आईटी कंपनियों को ऑर्डर मिलने और नए निवेश में देरी के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/335 **निविदा सूचना** Date-11/07/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_436669_1<br>11/07/2025 | सं. क्र. -05 कस्तूरबा गांधी वार्ड अंतर्गत रानीताल कर्बला रोड दीपक चौधरी से बच्चू मंगोडे तक कर्वड नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। (निगम मद) | 03 माह<br>रू. 12.54 लाख | 2,000/-<br>9500/- | 12/08/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा - पनागर
**चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
ई-नीलामी की तिथि- 20.07.2025 समय: प्रातः11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्रं. | ऋणी | चल सम्पत्ति (वाहन) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी - श्रीमती निर्मला तिवारी पत्नी श्री शारदा प्रसाद तिवारी<br>78, ग्राम बड़खेड़ी, पनागर, जिला, जबलपुर. म.प्र | निर्माता: Maruti Suzuki<br>मॉडल- Maruti-Swift-LXI-Car-2017<br>रजिस्ट्रेशन नं. - MP/20/CG/3080<br>इंजन नं. - K12MN1970461<br>चेसिस नं.- MA3EHKD1S00C77377<br>निर्माण वर्ष- 2017, कलर- White<br>प्रोप. आईडी - SBIN88686923467 | रू. 2,98,000/- | रू. 29,800/- |

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- गृह ऋण केन्द्र ( एच.एल.सी. ) फर्स्ट फ्लोर, एस. बी. आई. मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर
नियम एवं शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित ( प्रवर्तन ) अधिनियम 2002 के प्रावधान के तहत निष्पादित की जाएगी और निम्नलिखित शर्तों को संकलित किया जाना है। ( 1 ) संपत्तियों को ''जैसा है जहां है, जैसा है, जो है और जो है'', के आधार पर बेचा जाएगा। ( 2 ) ऊपर उल्लिखित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और घोषणा में दी गई किसी भी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा। ( 3 ) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https://bank-sbi/web/sbi&in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others; www.sbi.co.in and https://www.baanknet.com/eauction-psb/x-login ( 4 ) इच्छुक बोली लगाने वाले को अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाना होगा जिसे बनाने में कम से कम 2 कार्य दिवस लगते हैं इसलिए बोली लगाने वाले से अनुरोध है कि वे इससे पहले यूजर आईडी बनाएं अंतिम तिथि। ( 5 ) बैंक बिना कोई कारण बताए उपरोक्त नोटिस से सभी या किसी भी नीलामी को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
नोट– यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।
दिनांक - 12/07/2025 स्थान - जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा - पनागर, जबलपुर

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर**
क्रमांक/4387/क्रीड़ा/2025-26 नरसिंहपुर,दिनांक 08/07/2025
**-: निविदा विज्ञप्ति:-**
नरसिंहपुर जिले में वर्ष 2025-26 हेतु कार्यालय द्वारा संभागीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले प्रभागी छात्र / छात्रा खिलाड़ियों को गणवेश किट ( टी शर्ट, नेकर, जूते, मौजे क्रय किया जाना है, साथ ही जिला / संभाग / राज्य / राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टेन्ट सामग्री, भोजन हेतु सील बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित है। गणवेश किट (टी शर्ट, नेकर, जूते, मौजे क्रय किये जाने हेतु निम्नानुसार स्पेसिफिकेशन दिये जाते हैं :--
1. टी-शर्ट - टी-शर्ट 140 से 160 GSM माईक्रो पी.पी. / हनीकॉम कपड़ा से निर्मित होना चाहिए, यह हल्की और सांस लेने योग्य महसूस होना चाहिए। आरामदायक फिट के लिए क्लासिक राउंड नेक डिजाइन होना चाहिए, टी-शर्ट जिलेवार निर्धारित कलर में हो जिसमें आगे विभाग का मोनो एवं पीछे जिले का नाम अंकित होना चाहिए ।
2. नेकर- नेकर 140 से 160 GSM माईक्रो पी. पी. / हनीकॉम कपड़ा से इंटरलॉक स्टेचिंग के साथ बनी होना चाहिए। इसमें एक सिंगल जिपर पॉकेट हो, कमर की एलास्टिक अंदर की तरफ कपड़े से कवर्ड हो जो बाहर से दिखाई ना दे एवं सर्पोट में एक कमर नाड़ा भी होना चाहिए ।
3. जूते - जूते स्पोर्ट्स लुक वाले पी. व्ही. सी. आउट सोल के साथ ईवा इनसोल होना चाहिए । जूतों में मजबूत लायलोन लेस होना आवाश्यक है, जूता हल्का एवं आरामदायक होना चाहिए ।
4. मौजे - मौजे स्पोर्ट्स लुक्स में कॉटन / पोलीस्टर मिक्स 180 जी. एस.एम. हो । एलास्टिक आरामदायक एवं सही स्टेचिबिलिटी ( खिचाब ) के साथ होना चाहिए ।
अत: गणवेश किट (टी शर्ट, नेकर, जूते, मौजे क्रय करने एवं जिला / संभाग / राज्य / राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में टेन्ट सामग्री, मैस (भोजन) व्यवस्था हेतु सील बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित है। जिस हेतु निविदा फार्म जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर के क्रीड़ा कक्ष से रुपए 500 / - (अंकन पॉच सौ रुपए मात्र) रुपए प्रथक - प्रथक सेन्ट्रल म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा नरसिंहपुर के खाता क्रमांक - 20115103000 1237 में जिला शिक्षा अधिकारी स्पोर्ट्स नरसिंहपुर के नाम से जमा कर दिनांक 21/07/2025 को प्रात: 11.00 बजे से 23/07/2025 को शाम 05:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है, निविदा फार्म दिनांक 24/07/2025 दोपहर 02:00 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर के क्रीड़ा कक्ष में शील्डबंद निविदा पेटी में जमा किया जावेगा। निविदा दिनांक 24/07/2025 को अपरांह 03:00 बजे क्रय समिति एवं निविदाकताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । निविदा संबंधी शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद के लिए कार्यालयीन क्रय समिति निर्णय सर्वमान्य होगा ।
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला - नरसिंहपुर
G-15463/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/85/2025)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीखः |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80251971 | हीट ट्रांसफर फ्लूइड क्लैरिएंट मेक कूलैंट | 19485 किलोग्राम | 31.07.2025 |
| 2 | 38251584 | कॉपलेर बॉडी विथ शैंक वियर प्लेट | 1473 नंबर | 04.08.2025 |
| 3 | 38254156 | ऑल्ट टॉरशन स्प्रिंग (स्टील) फॉर ट्विस्ट लॉक | 3308 नंबर | 04.08.2025 |
| 4 | 81236129 | वेरियस टाइप ऑफ बोल्ट्स | 72 मीट्रिक टन | 07.08.2025 |
| 5 | 38252300A | योके पिन | 4744 नंबर | 11.08.2025 |
| 6 | 30251351 | प्रोक्योरमेंट ऑफ रबर बफर स्प्रिंग | 1332 सेट | 14.08.2025 |
| 7 | 38252405 | बोल्स्टर सस्पेंशन स्प्रिंग आउटर | 17360 नंबर | 20.08.2025 |
| 8 | 38251766 | आटोमेटिक प्रेशर मॉडिफिकेशन (APM) डिवाइस | 489 नंबर | 21.08.2025 |
| 9 | 38251827 | ब्रेक शू के फॉर बोगी वैगन | 114381 नंबर | 25.08.2025 |
| 10 | 38252410 | कास्ट स्टील बोल्स्टर विथ लाइनर | 190 नंबर | 25.08.2025 |
| 11 | 30251048 | प्रोक्योरमेंट ऑफ डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक abso. | 1792 नंबर | 01.09.2025 |
| 12 | 38252107 | कट ऑफ एंगल कॉक विथ वेंट फॉर एयर ब्रेक वैगंस | 13647 नंबर | 02.09.2025 |
| 13 | 38252171 | साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर फॉर casnub. | 46257 नंबर | 05.09.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**मोतीबाग वर्कशॉप में विविध कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**1. निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-09-02R दिनांक: 04.07.2025
**कार्य का विवरण:** कार्य के दायरे के अनुसार मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर, कोचिंग डिपो, दुर्ग और कोचिंग डिपो, बिलासपुर में LIB AC कोचों में शौचालयों का उन्नयन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 10,05,58,110/- (रु. दस करोड़ पांच लाख अट्ठावन हजार एक सौ दस मात्र), सभी करों सहित), **बयाना राशि:** ₹ 6,52,800/- (रु. छह लाख बावन हजार आठ सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 04 (चार) महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**2. निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-05-1 दिनांक: 05.07.2025
**कार्य का विवरण:** कार्य के दायरे के अनुसार मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में तीन वर्षों के लिए ऑपरेटर और ईंधन सहित एक बैकहो लोडर की नियुक्ति। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 24,29,856/- (रु. चौबीस लाख उनतीस हजार आठ सौ छप्पन मात्र), सभी करों सहित), **बयाना राशि:** ₹ 48,600.00 (रु. अड़तालीस हजार छह सौ मात्र), **अनुबंध की अवधि:** 36 (छत्तीस) महीने, **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल / संशोधित बोलियां निम्नानुसार 11:00 बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत कर सकेंगे:
**निविदा क्र. 1:** दिनांक **26.07.2025** तक
**निविदा क्र. 2:** दिनांक **28.07.2025** तक
इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
कार्यशाला प्रबंधक,
मोतीबाग कार्यशाला,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/13-66
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

आवेदन पत्र भरने की तिथि 18.07.2025 से 01.08.2025 तक | ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी | आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 18.07.2025 से 06.08.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 31 अगस्त रविवार 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:30 से प्रात: 10:00 बजे तक | प्रात: 10:30 से 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:30 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**
1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट www.esb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर** - अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश**
1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलक्युलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट- मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।
विज्ञापन क्र. 69/2025
संचालक
ESB
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र.मा./121068/2025

चिंतन

# गुजरात में पुल ढहने के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

नदी पर पुल टूटने की घटनाएं बिहार के बाद अब गुजरात में हो रही हैं। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। गत बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। पर यह काफी नहीं है, पुल ढहने के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गुजरात के सड़क एवं भवन विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच समिति 30 दिनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। गुजरात में यह कोई पहला पुल हादसा नहीं है, बल्कि मोरबी से लेकर मुमतपुरा तक पिछले पांच साल में 12 से भी ज्यादा पुल टूटे या क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन हादसों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, बावजूद इसके पुल हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गंभीरा पुल को लेकर भी पहले से चेतावनी जारी की गई थी, आखिरकार ब्रिज हादसे का शिकार हो गया। गुजरात में 24 जनवरी 2020 मेहसाणा में खारी नदी पर बना ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ था। 21 दिसंबर 2021 अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक हिस्सा टूट गया था। 30 अक्टूबर 2022 मोरबी में मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूटा था और इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी। गुजरात सरकार ने राज्य में जिन 7,000 पुलों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से सरकार ने उन पुलों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है। बिहार में एक वर्ष में करीब 12 पुल गिर गए थे। उनमें से एक पुल तो लोकार्पण के दिन ही गिर गया था। यह कदाचार का बड़ा नमूना था। देश में केएमपी समेत कई राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो निर्माण के दस वर्ष के अंदर ही जर्जर हो गए हैं। भारत में पुल सड़क समेत अनेक निर्माण कार्य ठेके पर होते हैं, जिनमें टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण तक गहरे भ्रष्टाचार हैं। आला अफसरों, इंजीनियरों व ठेकेदारों के बीच एक नेक्सस है, सरकार भी इस तथ्य से अवगत है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गठकरी रोडमैन के नाम से देश में ख्यात हैं, महाराष्ट्र सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक मंत्री रहते हुए उनके नाम सड़कों का जाल बिछाने का रिकार्ड है, ऐसे में उनके समेत राज्यों के परिवहन मंत्रालयों का दायित्व है कि कोई भी निर्माण घटिया सामग्री से न हो। हादसे में जब बेकसूर लोगों की जान जाती है, तो उस क्षति की पूर्ति नहीं की जाती है। हाल के वर्षों में सड़क निर्माण में ओवर बजटिंग के बावजूद सड़क निर्माण उस स्तर का नहीं हो रहा है। देश की अधिकांश सड़कें यातायात के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, इसका तात्पर्य है सड़क निर्माण के दौरान हम सुरक्षित यातायात से संबंधित इंजीनियरिंग मानकों का ध्यान नहीं रख रहे हैं। सड़क व पुल निर्माण ही महत्वपूर्ण नहीं है, इसके रखरखाव, मरम्मत भी महत्वपूर्ण है। देखा गया है कि ऑथोरिटी और सरकार रखरखाव व मरम्मत के प्रति उदासीन रहते हैं, कई बार बजट ही नहीं होते हैं। केंद्र सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। केवल नए निर्माण पर जोर देने के बजाय, जो पहले से हैं, उनके रखरखाव व मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बहरहाल गुजरात पुल हादसे से सबक लेकर देश के पुराने पुलों व सड़कों का क्वालिटी ऑडिट होना चाहिए।




शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

# समाज परिवर्तन के लिए सक्रिय संघ

सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजधानी दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक वैसे तो राजनीतिक दलों एवं मीडिया के लिए किसी हलचल मचाने वाले समाचार का कारण नहीं बना, पर इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संघ ने संगठन की दृष्टि से पूरे देश को 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों में बांटा है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह एवं सहसर्यकार्यवाह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों , सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री शामिल हों तो इसका महत्व समझ में अपने -आप आ जाता है। यानी संघ और इससे जुड़े संगठनों का संपूर्ण संघ प्रतिनिधि नेतृत्व की वहां उपस्थिति केवल मिलने जुलने के लिए तो नहीं हो सकती। संघ का गहराई से अध्ययन करने वाले या निकट से उसकी गतिविधियों पर निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि बैठकों के सभी सत्रों के विषय एवं प्रारुप निर्धारित होते हैं। विरोधियों के तीखे तेवरों के विपरीत बैठक हमेशा शांत संतुलित व्यवस्थित माहौल में संपन्न होता है। इसमें सामान्य दलीय राजनीति पर विचार के लिए गुंजाइश नहीं होती है। जितनी जानकारी है भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बाहर की उत्कंठा के विपरीत यह चर्चा में भी नहीं आया। संघ के वर्ष में कुछ निश्चित आयोजन हैं जिनमें प्रांत प्रचारक बैठक भी शामिल है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक तथा अप्रैल से जून तक प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद यह बैठक आयोजित होती है। इसलिए इसमें देश भर के पूरे वृतांत व भविष्य के संगठन की योजनाओं पर फोकस रहता है।

वैसे भी संघ का मुख्य फोकस संगठन, समाज जागरण तथा समाज परिवर्तन है तो इसका फोकस वही रहेगा। जैसा हम जानते हैं इस वर्ष विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर से संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले काफी समय से आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर 2026 तक इसके आयोजनों और कार्यक्रमों को लेकर गंभीर चर्चा हमारे सामने आते रहे हैं। स्वाभाविक ही इस समय की अधिकतर बैठकों का केंद्र बिंदु शताब्दी वर्ष ही होगा। जितनी जानकारी है संघ अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह शताब्दी वर्ष पर कोई एक बड़ा आयोजन करने की जगह इसका उपयोग संगठन विस्तार , हिंदुत्व केंद्रित विचार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने तथा समाज परिवर्तन की दृष्टि से कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कर रहा है। योजना अनुसार नागपुर में 2 अक्टूबर को वार्षिक विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत की हर वर्ष की तरह उपस्थिति एवं संबोधन के साथ उसी दिन देशभर में शाखा/मंडल/बस्ती के स्तर पर उत्सव आयोजित होंगे। विशेष अभियानों के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। गृह संपर्क अभियान के दौरान स्वयंसेवक संघ साहित्य देकर बातचीत करेंगे। सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और



नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। इससे संबंधित अलग-अलग सामाजिक सद्भाव सम्मेलन युवाओं का परिवारों का तथा इसी दृष्टि से संवाद आदि के सतत कार्यक्रम हैं। स्वाभाविक ही प्रांत प्रचारक बैठक में कहां-कहां कितने और कौन से कार्यक्रम हो सकते हैं तथा उनमें अपेक्षित संख्या की कितनी संभावना होगी, व्यवस्था कैसे हो रही है आदि विषय विंदूवार चर्चा में आए। सभी प्रांत और क्षेत्र प्रचारक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी की दृष्टि से बैठकें, एकत्रीकरण आरंभ कर देंगे।

इनकी गहराई से समीक्षा करें तो साफ हो जाएगा कि समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है। जाति भेद से परे हटकर सामाजिक समरसता के अंतर्गत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, हममें स्व-बोध यानी अपने राष्ट्र की महान विरासत, महान सभ्यता -संस्कृति -धर्म -अध्यात्म, फोटो में व्याप्त समाज संगठन उपलब्धियां आदि के प्रति गौरव व्याप्त हो, कुटुंब यानी परिवार के सभी सदस्यों- संबंधियों में आत्मीयता व संस्कारों की वृद्धि हो तथा लोग नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाएं तो धीरे-धीरे संपूर्ण समाज और देश की स्थिति कितनी सकारात्मक, सहकारी और सशक्त होगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। पहले से इन विषयों पर चर्चाएं हो रही हैं, उनके साहित्य आदि प्रकाशित हैं, बैठकों में भी इन पर मंथन हो रहा है और प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाने की योजना तय हो गई है इसलिए कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। विश्व में ऐसा कोई संगठन नहीं होगा जो जितना तय करें सब कुछ उसी के अनुरूप हो जाए और त्वरित लक्ष्यों की प्राप्ति भी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि सब कुछ कल्पना के अनुरूप भी हो जाएगा और सारे लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएंगे किंतु उस दिशा में कुछ हद तक सफलता मिलेगी यह निश्चित है। जितनी संख्या में व्यक्तियों के अंदर पांच परिवर्तन के लिए भाव जाएंगे वह अपने स्तर पर कुछ ना कुछ करेंगे और समाज के स्तर पर जगह-जगह इन सबके सुखद परिणाम आते रहेंगे। वास्तव में संघ शताब्दी वर्ष की योजना ऐसा नहीं है जिन पर एक वर्ष तक काम किया और फिर।। यह सतत आगे बढ़ते रहने के कार्यक्रम हैं। फिर जिन लोगों से सब ज्ञान के दौरान संपर्क होगा उनके आगे शाखों प्रशिक्षकों आदि की दृष्टि से भी उपयोग की योजनाएं हैं। यानी जो जुड़ें वह छूट नहीं इसकी कोशिश भी होगी। त्वरित परिवर्तन तात्कालिक आंदोलनों से होती है किंतु स्थायी सतत परिवर्तन और प्राप्तियों के लिए अनवरत ऐसे ही समाज के अंदर स्वतः अभियान संचालित होते रहना आवश्यक होता है। संघ की यही कार्य शैली दिखती है।

बैठक है तो इस बीच देश और दुनिया की घटनाएं भी चर्चा में अवश्य आएंगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। भाषा संबंधी संघ की सोच अनेक बार सार्वजनिक रूप से रखी जा चुकी है फिर भी विरोधी यही कहते हैं कि संघ केवल हिंदी की ही बात करता है। अब शायद आलोचक बाज आएं। पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान के स्थानीय अनुभवों तथा लोगों की प्रतिक्रियाओं की इससे ज्यादा अधिकृत जानकारी किसी संगठन को नहीं प्राप्त हो सकती। इस फीडबैक से भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने को लेकर समाज व संगठन के साथ सरकार के लिए भी कुछ दिशा मिलेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वोटर लिस्ट पुनरीक्षण
राजेश माहेश्वरी



# सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को आईना दिखाया

बिहार में वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा हैः अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह बताए कि यह प्रक्रिया पहले क्यों नहीं की गई, जिससे उसे राज्य के लगभग 8 करोड़ मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता। यदि कोई मतदाता पीछे न छूट जाए तो इस कार्य के लिए दस्तावेजीकरण तार्किक और त्रुटिरहित होना चाहिए। विपक्षी दलों के कई नेताओं सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि व्यापक सुधारों के नाम पर कागजी धोखाधड़ी के कारण कई पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। यह मूलभूत चिंता है जिसका निर्वाचन आयोग को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान ने मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का कार्य सौंपा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस कथन के लिए कोई बहाना नहीं मिल सकता कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को अद्यतन किया जाना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि सूचियां साफ-सुथरी हों, लेकिन इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

इस मामले में कांग्रेस का दोहरापन एक बार फिर सामने आया है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में आधार को शामिल करने की कांग्रेस की मांग एक बार फिर राजनीतिक छलावे और अवसरवाद का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। कुछ ही समय पहले, 2021 में कांग्रेस ने जोर-शोर से कहा था कि आधार केवल निवास प्रमाण है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। उन्होंने आधार को वोटर आईडी से जोड़ना अवैध और अलोकतांत्रिक करार दिया था। कांग्रेस ने यह भी चेतावनी दी थी कि इससे गैर-नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिल सकता है, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। साथ ही निजता के अधिकार का उल्लंघन होने की चिंता भी जताई थी। लेकिन अब, 2025 आते-आते कांग्रेस वही मांग कर रही है, जिसे उसने पहले खारिज किया था। पार्टी चुनाव आयोग से आधार को विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में शामिल करने की जोरदार मांग कर रही है। यह साफ दिखाता है कि कांग्रेस की विचारधारा और नीतियां स्थिर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए रोजाना बदलती रहती हैं। 2021 में जो आधार लिंकिंग को संविधान विरोधी बताती थी, वही आज इसे चुनाव सुधार का जरिया बता रही है। कांग्रेस का यह रवैया राजनीतिक अवसरवाद इस बात का प्रमाण है कि पार्टी नीति नहीं, केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करती है। जब विरोध करना फायदेमंद था, तब आधार को अवैध बताया, और जब समर्थन से लाभ दिखा, तब उसी आधार को चुनाव सुधार का हथियार बना डाला। सोशल मीडिया पर कांग्रेस की इस दोहरी नीति को लेकर तीखी आलोचना हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। 2026 में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल आदि राज्यों में भी चुनाव से पहले 'विशेष गहन पुनरीक्षण' जरूर किया जाएगा। यह घोषणा चुनाव आयोग कर चुका है। इससे पहले 2003 में पुनरीक्षण का काम किया गया था। बहरहाल 'आधार कार्ड' को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान निराधार क्यों किया गया, यह सवाल बराबर उठना चाहिए। व्यक्ति की दैहिक पहचान का सबसे मौलिक दस्तावेज यही है। हम इस मुद्दे को उठा चुके हैं।

(लेखक यूपी राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

सटाका




आज की पाती

### आपदा में भविष्यवक्ता क्यों हो जाते हैं विफल

वो जो कहते हैं, 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क है', उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश या भूकंप आता है। क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी क्योशन बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं- न कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं।

- किशन महोबिया, दुर्ग

ट्रेंड

### अधिकारों के लिए लड़ें



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है। देश के दलितों, आदिवासियों और युवाओं को भाजपा शासन में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीखना होगा।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### थरूर स्पष्ट रास्ता चुनें



अगर शशि थरूर कांग्रेस के भीतर लाचार महसूस करते हैं तो उन्हें स्पष्ट राजनीतिक रास्ता चुनना चाहिए। उनके सामने दो रास्ते हैं। अगर किसी मुद्दे पर मतभेद हैं तो पार्टी के भीतर उन्हें व्यक्त करने की गुंजाइश है। नहीं तो उन्हें अपनी पसंद का राजनीतिक मार्ग चुनना चाहिए।

-के. मुरलीधरन, कांग्रेस नेता

### खुद को निखारने पर ध्यान



मेरा ध्यान बॉक्स ऑफिस पर सफलता से अधिक एक कलाकार के तौर पर खुद को निखारने पर है। जब दर्शक आपकी फिल्म पर एक खास तरह से प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे आपको एक विचार, एक नजरिया मिलता है, जो मददगार हो सकता है।

-मानुषी छिल्लर, अभिनेत्री

### श्रीश्री का किरदार चुनौतीपूर्ण




शांति का श्री श्री रविशंकर का तरीका, उन्होंने दुनिया को व्यापक पैमाने पर कैसे प्रभावित किया, उनके जीवन के उस अध्याय को बताना, उनका किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है। मैं बहुत घबराया हुआ हूं।

-विक्रांत मैसी, अभिनेता

करंट अफेयर


## जापानी लड़ाकू विमानों के करीब चीन न उड़ाए विमान



जापान ने चीन से कहा है कि वह अपने लड़ाकू विमानों को जापानी टोही विमानों के करीब उड़ाना बंद करे। जापान के अनुसार चीन लगातार ऐसा कर रहा है और इससे टकराव हो सकता है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को चीनी 'जेएच-7' लड़ाकू-बमवर्षक विमान ने जापान 'एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स' के 'वाईएस-11ईबी' 'इलेक्ट्रॉनिक-इंटेलिजेंस विमान' के पास से उड़ान भरी। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वी चीन सागर के ऊपर हुई, हालांकि यह जापानी हवाई क्षेत्र नहीं था और इससे जापानी पक्ष को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। चीन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले, चीन ने आरोप लगाया था कि जापानी विमान उसके विमान के करीब से उड़ान भर रहे हैं और चीन की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं तथा उसने जापान से इन गतिविधियों को बंद करने को कहा था। जापान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उप मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी ने जापान में मौजूद चीनी राजदूत वू जियांगहाओ के समक्ष ''गंभीर चिंता'' व्यक्त की और चीन से ऐसी गतिविधि को रोकने का कहा। बयान के अनुसार जापान ने कहा कि चीन की इस तरह की कार्रवाई 'टकराव भड़का सकती है', साथ ही चीन से यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी कार्रवाइयां दोबारा नहीं हों।

ऑफ बीट

## मौसम के बदलाव से भी होता है माइग्रेन का दर्द



अगर आप अमेरिका में माइग्रेन से पीड़ित 3.9 करोड़ अमेरिकियों में से एक हैं, तो मौसम बदलने पर तेज़ सिरदर्द शुरू होने की पूरी संभावना है। आप अकेले नहीं हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि माइग्रेन से पीड़ित 30 से 50 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह के मौसम परिवर्तन को माइग्रेन का कारण मानते हैं, जिससे यह माइग्रेन की सबसे आम वजह बन जाती है। कोलोराडो में मौसम में लगातार बदलाव होते रहते हैं। कोलोराडो के एक न्यूरोलॉजिस्ट और सिरदर्द विशेषज्ञ के रूप में मरीज अक्सर मुझे बताते हैं कि मौसम उनके माइग्रेन शुरू होने की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। इसके परिणाम कामकाज, पढ़ाई और सामाजिक योजनाओं को बाधित कर सकते हैं और असहायता की भावना पैदा कर सकते हैं। चिकित्सक अब भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि मस्तिष्क पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील क्यों होते हैं। हम यह जानते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों का तंत्रिका तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होता है, और कुछ पर्यावरणीय परिवर्तन, जैसे वायुदाब, तापमान, आर्द्रता और वायु गुणवत्ता में बदलाव मस्तिष्क में उन कारकों को सक्रिय कर सकते हैं जो दर्द का कारण बनते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आसियान की बैठक में विदेश राज्य मंत्री मार्गेरिटा बोले

# भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

बैठक में भारत और आसियान के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 2026 से 2030 तक की नई कार्य योजना को अपनाया गया। साथ ही डिजिटल, रक्षा, स्वास्थ्य समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। मंत्री मार्गेरिटा ने इस बैठक को उपयोगी और सफल बताया

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत के विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लिया और इसकी सह-अध्यक्षता की। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक में भारत और आसियान के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 2026 से 2030 तक की नई कार्य योजना को अपनाया गया। साथ ही डिजिटल, रक्षा, स्वास्थ्य समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। मंत्री मार्गेरिटा ने इस बैठक को उपयोगी और सफल बताया।

*डिजिटल सहयोग*, समुद्री सहयोग और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में हुई चर्चा

*आसियान ने* 2026 से 2030 तक की नई कार्य योजना को अपनाया



### आपसी संपर्क बढ़ाने पर चर्चा

मार्गेरिटा ने कहा कि यह कार्य योजना दोनों पक्षों के बीच समग्र रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस साल आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसलिए बैठक में लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही बैठक में डिजिटल सहयोग, आपदा प्रबंधन, रक्षा, अर्थव्यवस्था, समुद्री सहयोग और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने के प्रस्तावों पर भी बातचीत हुई।




आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न से की मुलाकात

### अहम है आसियान संगठन

*बता दें, दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (दक्षेस या आसियान) 10 देशों का समूह है। 1967 में गठित इस समूह के संस्थापक सदस्य थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस और सिंगापुर थे। बाद में ब्रूनेई, वियतनाम, लाओस और म्यांमार भी इसके सदस्य बने। 1994 में आसियान ने एशियन रीजनल फोरम (एआरएफ) की स्थापना की। इसका मकसद सुरक्षा को बढ़ावा देना था।*

### कई देशों के नेताओं से की द्विपक्षीय मुलाकातें

विदेश मंत्रियों की इस बैठक के दौरान विदेश राज्य मंत्री मार्गेरिटा ने कई देशों के नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकातें भी कीं। उन्होंने आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न से मुलाकात कर भारत-आसियान संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की सराहना की। मार्गेरिटा ने इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित तिमोर लेस्ते, कंबोडिया, इंडोनेशिया के विदेश मंत्री से मुलाकात की। वियतनाम के विदेश मंत्री बूई थान सोन से मुलाकात कर आपसी सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री से भी विचार-विमर्श किया।

### भारत और आसियान के बीच मजबूत संबंध

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और आसियान के बीच संस्कृति और सभ्यता पर आधारित मजबूत संबंध हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण का मुख्य आधार है। यह यात्रा भारत की आसियान की एकता और केंद्रीय भूमिका को समर्थन देने के साथ-साथ आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

---


## खबर संक्षेप

### देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिला, 3 गिरफ्तार



**देहरादून।** देहरादून में 125 किलो विस्फोटक मिलने से हड़कंप मच गया। मामले में हिमाचल के तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। त्यूणी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक ऑल्टो कार को चेक किया गया तो वाहन में 5 पेटी डायनामाइट कुल वजन 125 किलो बरामद हुआ। वाहन सवार व्यक्तियों से उक्त विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने के संबंध में आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, जो दिखा नहीं पाए। अवैध विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी पर थाना त्यूनी ने रिंकू, रोहित, सुनील पर केस दर्ज किया।

### अमेरिकी नौका को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया



**मुंबई।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 10 जुलाई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट से 52 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में फंसी अमेरिकी नौका 'सी एंजल' और इसके दो चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया। नौका में एक अमेरिकी और एक तुर्की नागरिक सवार थे, जो तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्र में अपनी नौका के खराब होने के कारण संकट में थे। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज 'राजवीर' ने इस जोखिम भरे अभियान को अंजाम दिया।

---

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पहली बार बोले एनएसए अजित डोभाल

*ये भी कहा हमें पता था कि कौन कहां है!*

# हमने पाक में घुसकर नौ ठिकानों को उड़ाया, एक भी नहीं चूका, हमें गर्व है

एजेंसी ⏭ चेन्नई

आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था।

इसमें से एक भी नहीं चूका। हमें इस बात पर गर्व है। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गईं सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### खास बातें

- भारत ने ढाई साल में 5जी प्रौद्योगिकी विकसित की, चीन को 12 साल लगे
- ऑपरेशन सिंदूर हमारी सफलता, भारत को नुकसान के सारे दावे खोखले

*एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं*



### भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में

डोभाल ने कहा कि हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

### स्वदेशी तकनीक विकसित करें

डोभाल ने कहा कि तकनीक और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं बल्कि पाकिस्तान के आर-पार और हम एक भी नहीं चूके।

### प्रौद्योगिकी की लड़ाई में आगे रहना होगा

डोभाल ने कहा कि देश प्रौद्योगिकी की लड़ाई में हारकर दूसरों से पीछे रहने या दशकों पीछे रह जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। उन्होंने कहा कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो जो भारत के बहुत करीब हो।

### पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। हमें इस बात पर गर्व है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी सामग्री थी। हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए जिसमें भारत को होता कोई नुकसान दिखाई दे रहा हो।

---

## यूएई से भारत लाया गया मुस्तफा

# विदेश में रहकर नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने का है आरोप

सीबीआई ने इंटरपोल के माध्यम से की कार्रवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई विदेश में रहकर महाराष्ट्र में नशीली दवाओं की फैक्टरी चलाने के वांछित आरोपी को अबूधाबी से वापस लेकर आई है।



आरोपी कुब्बावाला मुस्तफा यूएई और दुबई में रहकर भारत में नशे का कारोबार कर रहा था। सीबीआई ने बताया कि नशीली दवाएं बनाने के आरोपी वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम के साथ संयुक्त अरब अमीरात से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से वांछित रेड नोटिस प्राप्त कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लाई।

### 126.141 किलो मेफेड्रोन जब्त

सांगली में एक सिंथेटिक ड्रग निर्माण फैक्टरी चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस को उसकी तलाश थी। सांगली में कुब्बावाला मुस्तफा की फैक्टरी से 252 करोड़ रुपए मूल्य की कुल 126.141 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग्स बरामद और जब्त की गई थी। उसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। अदालत ने उसके खिलाफ ओपन डेटेड गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई ने इंटरपोल के माध्यम से एनसीबी-अबू धाबी के साथ मिलकर की गई गहन जांच के बाद मुस्तफा की भौगोलिक स्थिति संयुक्त अरब अमीरात में पाई थी। मुंबई पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने 25 नवंबर, 2024 को इंटरपोल के माध्यम से रेड नोटिस प्रकाशित करवाया।

### यूएई में सुरक्षा मिशन भेजा

एनसीबी-अबू धाबी ने सीबीआई को 19 जून 2025 को बताया कि उनके अधिकारियों ने इस व्यक्ति को भारत वापस लाने के लिए यूएई में एक सुरक्षा मिशन भेजने का अनुरोध किया है। इसके बाद यूएई से आरोपी को वापस लाने के लिए मुंबई पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। इससे पहले सीबीआई ने सांगली मेफेड्रोन निर्माण मामले के आरोपी ताहिर सलीम डोला का यूएई से प्रत्यर्पण कराया था।

---

## राधिका मर्डर केस में खुलेंगे और कई राज


# आरोपी पिता को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-57 के सुशांतलोक-2 में गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे महिला टेनिस खिलाड़ी को उसके पिता ने तीन गोली मारकर हत्या कर दी। टेनिस खिलाड़ी के अकेडमी चलाने पर नाराजगी के चलते पिता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसी पीठ में गोली मार दी। राधिका यादव को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर आज कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### टेनिस खिलाड़ी बेटी को मारी थी गोली





### एकेडमी चलाने से खुश नहीं थे पिता

*कुछ माह पहले कंधे में चोट लगने के कारण राधिका ने टेनिस खेलना छोड़ दिया था। इसके बाद राधिका ने गांव में बच्चों को टेनिस सिखाने के लिए एकादमी शुरू की थी। पिता दीपक इस अकादमी को खोलने के खिलाफ थे।*

### मां के विरोधाभासी बयान

मामले में पुलिस यह भी जानने में जुटी है कि वारदात के समय राधिका की मां क्या कर रही थीं? मृतका के चाचा कुलदीप यादव के द्वारा दर्ज गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना के समय राधिका की मां मंजू यादव घर की पहली मंजिल पर मौजूद थीं।

---

## बीएसएफ जवान पर सीमा पर हमला

# मादक पदार्थों के साथ दबोचे गए दो तस्कर, हथियार भी बरामद

एजेंसी ⏭ कोलकाता

बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक बार फिर बांग्लादेशी तस्करों के दल ने बीएसएफ जवानों पर हमला कर जबरन तस्करी की कोशिश की। बीएसएफ की 143वीं बटालियन की सीमा चौकी तराली-1 के सतर्क जवानों ने इस हमले का दृढ़ता से सामना करते हुए तस्करों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने बताया कि तस्करों के हमले में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया।



### देर रात तस्करी की हुई कोशिश

यह घटना सीमा चौकी तराली-1 इलाके में रात करीब 01:50 बजे की है। प्रवक्ता ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी जवानों ने अत्यंत संयम बरतते हुए आत्मरक्षा में फायरिंग की और तस्करी की इस कोशिश को पूरी तरह विफल कर दिया।

---

## अमेरिकी विदेश विभाग में छंटनी की तैयारी

# सुप्रीम कोर्ट की मिली अनुमति, 15% कर्मचारियों की नौकरी पर बड़ा खतरा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी विदेश विभाग में जल्द ही बड़े पैमाने पर छंटनी करने की योजना बनाई है। डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर मैनेजमेंट एंड रिसोर्सेज, माइकल जे. रीगस की ओर से गुरुवार को भेजे गए एक संदेश में कहा गया कि अमेरिकी कर्मचारियों को जल्द ही छंटनी की सूचना दी जाएगी। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए ट्रंप प्रशासन को संघीय एजेंसियों में बड़े पैमाने पर छंटनी करने से रोका था। इस आदेश के दो दिन बाद ही यह कदम उठाया गया।



### कट्टर राजनीतिक विचारधारा खत्म करेंगे

विदेश विभाग ने ये भी कहा कि जो कार्यक्रम पूर्व की सरकार द्वारा चलाए जा रहे थे, उनमें कटौती की जाएगी। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ये बदलाव विभाग को अमेरिकी मूल्यों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ेंगे और 'कट्टर राजनीतिक विचारधारा' को खत्म करेंगे।

### यूएस जाना भारतीयों के लिए होगा महंगा

ट्रंप की सरकार द्वारा लाए गए नए कानून 'वन बिग ब्यूटिफुल बिल' के लागू होने के बाद अमेरिका जाना काफी ज्यादा महंगा पड़ने वाला है। इस कानून के तहत 2026 से एक नया शुल्क लागू होगा- 'वीजा इंटेग्रिटी फी'। इसके लागू होते ही अमेरिकी वीजा पहले से 2.5 गुना महंगा हो जाएगा। इसका असर खासतौर पर स्टूडेंट, टूरिस्ट और आईटी सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स पर पड़ने वाला है।

---

## दुनिया के 31 अन्य स्थलों के साथ पेरिस में चल रही बैठक में होगा मूल्यांकन

# 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' यूनेस्को के विश्व धरोहर के लिए नामित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रस्ताव का मूल्यांकन 6 से 16 जुलाई के बीच पेरिस में चल रहे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 47वें सत्र में किया जा रहा है। इस सत्र में दुनिया भर से कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर चर्चा की जा रही है, जिनमें भारत का यह ऐतिहासिक सैन्य तंत्र भी शामिल है। भारत की ओर से यह नामांकन 2024-25 चक्र के लिए प्रस्तुत किया गया है। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' में 12 किले और किलेबंद क्षेत्र शामिल हैं जो 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे। यह किले मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति और निर्माण कला का अद्भुत उदाहरण माने जाते हैं।

**17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे**



### महाराष्ट्र और तमिलनाडु के ये किले शामिल

*इन 12 स्थानों में महाराष्ट्र का साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खांदेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजयदुर्ग, सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु का जिन्जी किला शामिल है। इन किलों को देश के कई भौगोलिक और प्राकृतिक क्षेत्रों में इस तरह से बनाया गया था कि वे मराठा शासन की सैन्य ताकत को दर्शाते हैं। इनमें पहाड़ी क्षेत्रों, समुद्र के किनारे और अंदरूनी मैदानों पर बने किलों का अनोखा संगम देखने को मिलता है।*

### एक देश से एक नामांकन नियम

यूनेस्को के 'ऑपरेशनल गाइडलाइंस 2023' के अनुसार, हर देश एक बार में केवल एक ही नामांकन जमा कर सकता है। भारत ने इस चक्र के लिए 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को चुना है। नामांकन को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में स्थान मिलता है, तो यह भारत के लिए गर्व का विषय होगा।

### 11 से 13 जुलाई तक होगी बैठक

विश्व धरोहर समिति की बैठक में 11 से 13 जुलाई के बीच 32 स्थलों की समीक्षा की जा रही है। भारत के इस नामांकन के साथ-साथ कैमरून का डीआईवाई-जीआईडी-बीआईवाई सांस्कृतिक क्षेत्र, मलावी का माउंट मुलंजे सांस्कृतिक परिदृश्य, और यूएई का फाया पैलियोलैंडस्केप जैसे स्थलों पर भी चर्चा की जा रही है।

---

## सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

# ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र हुआ था तबाह

एजेंसी ⏭ तेहरान

बीते महीने ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। 25 जून को ली गईं सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। यहां पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ।



### बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम

इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है। संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है। अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर उन्हें ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी।



जबलपुर। राधे चैतन्य महाराज भिटौली।



जबलपुर। दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती महाराज, भिटौली।



जबलपुर। जगत गुरु स्वामी नृसिंह देवाचार्य महाराज, गीताधाम।



जबलपुर। महंत श्री श्यामदास महाराज, जिलहरीघाट।



जबलपुर। 108 श्री पगलानंद महाराज जी।



जबलपुर। शिवकुमार तिवारी, रामलला मंदिर।



जबलपुर। मनोज तिवारी, रामलला मंदिर।

# पार्थिव शिव पूजन के साथ श्रावण मास प्रारंभ

## पूरे श्रावण महीने होगी भगवान शिव की आराधना

**जबलपुर।** श्रावण मास इस वर्ष सर्वार्थ सिद्धि योग से परिपूर्ण होगा। श्रावण मास का शुभारंभ शुक्रवार 11 जुलाई से हो चुका है। इस आशय की जानकारी देते हुये नगर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि पार्थिव शिव पूजन के साथ श्रावण मास का आगाज हो गया। हिंदू धर्म में सावन के महीने का बहुत बड़ा महत्व है. यह मास भगवान शिव को समर्पित है. इस महीने भोलेनाथ की पूरी श्रद्धा से पूजा-अर्चना की जाती है. ऐसा माना जाता है कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय है.शिव पुराण के अनुसार शंकर भगवान सावन माह में सोमवार का व्रत करने वाले भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. सावन के महीने का शिव भक्तों को हमेशा इंतजार रहता है.



### इस बार 4 श्रावण सोमवार

पहला सावन सोमवार 14 जुलाई, सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई, सावन का तीसरा सोमवार 28 जुलाई, सावन का चौथा सोमवार 4 अगस्त को है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा और अगले दिन 10 अगस्त को भादों का महीना शुरु होगा।



## जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव संपन्न

**जबलपुर।** जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना सन 2000 में (राजस्थान से सम्बद्ध जैन, अग्रवाल, खण्डेलवाल, माहेश्वरी एवं ब्राह्मण) घटक के सदस्यों ने मिलकर की थी। यह सुदृढ़ एवं संगठित सम विचारों वाली एवं संस्कृति की संस्था है। गत दिवस हुये चुनाव में मार्गदर्शक एवं संरक्षक मंगलचंद टॉटिया, विजय भूरा, रामअवतार सारडा द्वारा अध्यक्ष श्यामसुन्दर माहेश्वरी (जेठा), सचिव शरद डागा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु अशोक जोशी को चयनित किया गया।



## शासकीय माध्यमिक शाला करियापाथर में मनाई गुरुपूर्णिमा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज पूरे देश में गुरुपूर्णिमा बड़े ही श्रद्धा से मनाई गई, इसी कड़ी में शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में सर्वप्रथम शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन के द्वारा माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा की गयी, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा गुरुपूर्णिमा पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सभी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए गुरुओं की महत्ता के बारे में बताते हुए संबोधित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमिता केसरवानी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# श्री राम इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव "आरोहण-2025" आयोजित

**जबलपुर।** व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत श्री ग्रुप जबलपुर के संस्थान श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट द्वारा मैनेजमेंट कॉन्क्लेव "आरोहण 2025" का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और आईटी के पुस्तकीय ज्ञान को प्रायोगिक एवं इस्तेमाल करने योग्य, ज्ञान में परिवर्तित करने का अनूठा प्रयास "आरोहण 2025" के द्वारा किया गया। कॉन्क्लेव की शुरुआत सुन्दर काण्ड पाठ के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाली रही। विद्यार्थियों हेतु रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग के कॉम्पटीशन में विद्यार्थियों का उत्साह दर्शनीय था। विद्यार्थियों ने ट्रेज़र हंट प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रथम दिवस में "आरोहण 2025" का शुभारंभ श्री राम कॉलेज के चेयरमेन राजुल करसोलिया एवं सचिव श्रीमती सोनम करसोलिया



के द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के असीम उत्साह एवं नवीन सृजन से परिपूर्ण ये कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में संपादित हुआ। "आरोहण 2025" एक ऐसा अभिनव आयोजन बना जिसमें वरिष्ठ छात्रों को अपने कनिष्क छात्रों को मेंटर करने की ज़िम्मेदारी प्राचार्य डॉ. मोना जैन ने प्रदान की। यह पहल छात्रों के बीच में सामंजस्य, टीम वर्क एवं ऊर्जा और अनुभव को मिला देने वाली साबित हुई। द्वितीय दिवस में कॉर्पोरेट जगत के एक-एक सितारे विक्रम जैन के द्वारा विद्यार्थियों को उनके रिज्यूम एवं सोशल मीडिया को प्रभावी रूप से उपयोग करने पर शानदार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सोलह दिवसीय आयोजन का पुरस्कार वितरण रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजेश कुमार वर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। संस्था के संस्थापक आरके करसोलिया, चेयरमेन राजुल करसोलिया, वाईस चेयरमेन रामेन्द्र करसोलिया, सचिव सोनम करसोलिया तिवारी की गरिमामयी उपस्तिथि में किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल, डायरेक्टर डॉ. वाईएम दुबे, संस्था की प्राचार्य डॉ. मोना जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह एवं प्रो. राहुल पाठक उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में महती भूमिका डॉ. रबविता चड्ढा राजपूत, डॉ. मोहित विरमानी, प्रो. अपर्णा ढींगरा, प्रो. कृति जैन, प्रो. विपुल शर्मा, प्रो. निशिता पटेल, प्रो. श्रुति श्रीवास्तव, प्रो. अलंकृत पाठक, डॉ. अभिजात साहू ने निभाई।

# रादुविवि में स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित

## प्लॉग रन से लेकर "एक पौधा माँ के नाम" तक

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की IEC टीम एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज एक व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई विभाग के एच.ओ.डी. विवेक मिश्रा, डॉ. अनुज प्रताप सिंह एवं डॉ. भूमि दुबे के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्लॉग रन एवं विशेष श्रमदान गतिविधि से हुई, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की और गंदगी हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त 'स्वच्छता की पाठशाला' का



आयोजन भी किया गया, जहाँ विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रहा 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पर्यावरण को समर्पित करते हुए पौधारोपण किया और उसे अपनी माँ के नाम समर्पित किया। कार्यक्रम के पश्चात स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने हाथों में बैनर और स्वच्छता के नारे लिखी तख्तियां लेकर आम नागरिकों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## यश नर्सरी हायर सेकेंडरी में भी मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जबलपुर।** गुरु की महिमा को समर्पित गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल आधारताल और गोहलपुर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना, श्लोक, नृत्य और भजन की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। मंच पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गुरु की भूमिका और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की गुरु-शिष्य परंपरा सबसे प्राचीन है, सभी धर्म सम्प्रदाय में गुरु का विशेष महत्व, सम्मान है और साथ ही "गुरु ही वह दीपक हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।" कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों में प्राचार्य गोहलपुर श्रीमती वर्षा झारिया, श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, तनुजा यादव, अंकिता तिवारी, रश्मि गौतम, ज्योति यादव, सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# अख्खा जल-ज्योति की पूजा के साथ चालीसा व्रत प्रारम्भ

**जबलपुर।** चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर प्रतिदिन झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव प्रार्थना के साथ प्रातः 9.30 बजे चालीसा व्रत मेला 2025 महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में महापूजन प्रातः 9.30 बजे चालीस दिनों तक यह महानुष्ठान विष्णुधाम के महंत स्वामी रामदास महाराज, स्वामी अशोकानंद महाराज एवं स्वामी प्रदीप महाराज तथा अन्य संत, महात्माओं के दिशा दर्शन में हुआ। आयोजन में माता, बहनों ने व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन एवं जलाशय में दीपदान किया। चालीसा व्रत की उपासना सुख-



समृद्धिदायक- चालीसा व्रत महोत्सव में आयोजित धर्मसभा में स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया कि धर्म मनुष्य का सच्चा साथी है, यह परलोक में भी साथ नहीं छोड़ता है, यही समय है जब धर्म का संयम कर जीवन को सफल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी से शरीर और कपड़ा साफ किया जाता है उसी प्रकार ज्ञान और प्रभु भक्ति तथा आराधना से अंतर्रात्मा की शुद्धि की जाती है। वस्तुतः चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि यह परंपरा आध्यात्मिक साधना एवं उपासना के लिये जीवन को मंगलमय बनाने का प्रतीक एवं माध्यम है। आयोजन समिति के विधायक अशोक रोहाणी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रामचंद्र आहूजा, रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी, माधवदास कुंदवानी, श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी, लक्ष्मीचंद खेमानी, ताराचंद खत्री, सुधीर भागचांदनी, गोविन्द हीरानी, प्रकाश आहूजा, प्रकाश आसवानी, राजा सावलानी, विजय पंजवानी, हरीश आहूजा, बिल्लू हीरानी, सुनील हासवानी, सोनू लालवानी, गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान में शामिल हुए।

In The Court Of Anupreksha Jain, II
Civil Judge Class - I, District Court, Damoh
Presiding Officer : अनुप्रेक्षा जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC/0000074/2024)
भोला सींग..........वादी Vs
ईश्वर प्रसाद....................प्रतिवादी
TID/2198/2025
Process Id- 55/ /2025
पेशी दिनांक :-12/08/2025
प्रेषिती-
(1)अनावेदक क्र. 1 ईश्वर प्रसाद पिता बाबू लाल मेहरा पता- 841 3 सैनिक सोसायटी जबलपुर
यह कि प्रार्थी भोला सींग ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत सिविल प्रक्रिया धारा 9 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावे या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 02 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(श्रीमती अनुप्रेक्षा जैन)
सील द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
दमोह (म.प्र.)

## जबलपुर में भी सार्वजनिक स्थल और मार्केट में बने पिंक टॉयलेट

**जबलपुर।** नगर निगम कमिश्नर को मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा एक पत्र दिया गया, जिसका उद्देश्य रायपुर की तर्ज़ पर हर सार्वजनिक जगह पर पिंक टॉयलेट बनाया जाना था। आज की बढ़ती आबादी और रोज़गार में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, पर शौचालय की व्यवस्था मज़बूत न होना उनके लिए तकलीफ़दायक होती है, इस तकलीफ़ को ख़त्म करने पिंक टॉयलेट का प्रस्ताव नगर निगम कमिश्नर ऑफिस में पत्र देकर दिया गया, इससे सभी महिलाओं को सुविधा होगी, हमारा प्रयास है कि महिलाओं को कोई परेशानी न हो, साथ ही नगर निगम सकारात्मक पहल को जल्द पूरा करे। प्राथमिक तौर पर ग्वारीघाट, गंजीपुरा, भेड़ाघाट, हाईकोर्ट, गोरखपुर में पिंक टॉयलेट का निर्माण कराया जाए, इससे महिला हित की रक्षा होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. अमित खत्री, डॉ. अभिषेक जैन, एड. अंकित मिश्रा, एड. रोशन मंध्यानी, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. विजय बवारिया, डॉ. आनंद बहरानी, बिनिता कुमारी और सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।




## ब्रह्मचारी अरुण कुमार के दो दिवसीय प्रवचन आज से

**जबलपुर।** आर्य समाज गोरखपुर जबलपुर में शनिवार 12 और रविवार 13 जुलाई को वैदिक विद्वान आचार्य अरुण कुमार आर्यवीर के प्रवचन प्रातःकालीन सत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं। वे शनिवार को दैनिक यज्ञ के उपरांत प्रातः 8.15 से 9.30 बजे तक संध्या के मंत्रों का भावार्थ प्रस्तुत करेंगे तथा रविवार को साप्ताहिक सत्संग में प्रातः 9.00 बजे से 10.15 बजे तक आत्मनिरीक्षण की विधि एवं लाभ विषय पर व्याख्यान देंगे। गणेश नेमा, राजेंद्र पटेल, वेदामृत गारी, कुसुम जिंदल, सुनीता हांडा, सुनीता मुखी आदि ने श्रोताओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. /स. क्र.11/19-20/25-26
दिनांक:- 11/07/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शारदा चौहान पति गोविंद सिंह चौहान ने वार्ड क्रमांक 60 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के प्लाट नं. 12/2 पी खसरा नं. 49/2 धोबीघाट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000390118 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री दिल बहादुर पिता श्री विष्णु बहादुर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.11
नगर निगम, जबलपुर

# रशियन लड़की से बिहार के लड़के ने रचाई शादी देखने वालों की लगी भीड़



**पटना।** बिहार के कटिहार से एक ऐसी प्रेम कहानी सामने आई है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह प्रेम कहानी सात समंदर पार शुरू हुई और सात फेरों तक पहुंच गई। रूस की एक लड़की और कटिहार के एक डॉक्टर की अनोखी जोड़ी हर किसी की जुबान पर है। दोनों की यह कहानी न सिर्फ प्यार की ताकत दिखाती है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि जब दिल मिलते हैं, तो देश की सीमाएं भी मायने नहीं रखती हैं और न ही संस्कृति का अंतर। कटिहार के नवाबगंज के रहने वाले अनुभव शाश्वत साल 2017 में रूस के एक विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए गए थे। वहां पर साल 2020 में उनकी मुलाकात रूस की अनाथासिया से हुई, जो वहां पर आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रही थीं। कोरोना काल में दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। एक-दूसरे के साथ समय बिताने और समझने के बाद दोनों ने शादी का फैसला किया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2022 में अनुभव डॉक्टरी लाइसेंस के लिए भारत वापस आ गए, लेकिन दोनों के बीच संपर्क और प्यार बरकरार रहा। अनाथासिया भी अनुभव से मिलने के लिए भारत आईं। इसके बाद अनुभव ने उन्हें अपने देश की संस्कृति, परिवार और परिवेश से परिचय कराया।

### मंदिर में लिए सात फेरे

अनुभव ने अपने परिवार और पिता से अनाथासिया से शादी करने की इजाजत मांगी। परिवार की सहमति के बाद दोनों ने कटिहार के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में सनातन धर्म के वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लिए। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जिंदगी भर साथ निभाने की कसमें खाईं। शादी के बाद अनाथासिया बेहद खुश हैं। अनुभव का परिवार भी उनके व्यवहार और सादगी से बेहद प्रभावित है।

# सास को कंधे पर उठाकर कांवड़ यात्रा पर निकली बहू, 'कलियुग के श्रवण कुमार' का मिला टैग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस बार हरिद्वार से शुरू हुई कांवड़ यात्रा में एक ऐसी भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने सबका दिल छू लिया है। हापुड़ की रहने वाली आरती ने सास-बहू के रिश्ते को एक नई मिसाल दी है। उन्होंने अपनी बूढ़ी सास को कांवड़ में बिठाकर यह यात्रा शुरू की, जबकि आमतौर पर लोग इस यात्रा में गंगाजल लाते हैं। आरती की इस सेवा भावना की हर जगह तारीफ हो रही है और सोशल मीडिया पर भी यह चर्चा का विषय बन गया है। हर कोई बहू की खूब तारीफ कर रहा है। आरती अकेली नहीं थीं, उनकी बेटी भी इस यात्रा में साथ थी। खास बात यह रही कि इस कांवड़ में गंगाजल नहीं, बल्कि उनकी सास खुद विराजमान थीं। आरती ने पहले अपनी सास को गंगा स्नान कराया और अब उन्हें साथ लेकर हापुड़ लौट रही हैं। इस अनोखे काम की वजह से लोग उन्हें 'श्रवण कुमार'कहकर सम्मान दे रहे हैं। आरती का कहना है कि यह विचार उन्हें भगवान शिव की कृपा से आया। उन्हें लगा कि जैसे वे खुद गंगा स्नान करना चाहती हैं, वैसे ही उनकी सास को भी यह पुण्य मिलना चाहिए। उनकी सास ने शुरुआत में आरती की ताकत पर थोड़ा संदेह किया था, लेकिन अब वे अपनी बहू पर गर्व महसूस कर रही हैं।



### आज से शुरू होगा पावन महीना

11 जुलाई से सावन का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। इस समय पूरे देश में शिव भक्ति का माहौल रहता है। हरिद्वार में हजारों श्रद्धालु गंगा के किनारे पूजा कर गंगाजल इकट्ठा करते हैं। कांवड़ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह आस्था, सेवा और अनुशासन का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा के कुछ नियम होते हैं। बिना स्नान किए कोई कांवड़ नहीं उठा सकता। इस दौरान नशा, मांसाहार, सजावटी चीजें, तेल और साबुन का उपयोग नहीं किया जाता। श्रद्धालु पूरे रास्ते शिव मंत्रों का जाप करते हैं और सादगी से यात्रा करते हैं।

# समुद्र में जंग की नई तैयारी: 95 फीसदी ग्लोबल इंटरनेट को दांव पर लगा रहा है चीन, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने समुद्र की गहराइयों में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने एक ऐसे डिवाइस का निर्माण किया है जो बेहद गहराई में जाकर सबसे मजबूत अंडरसी केबल को भी काट सकता है। इस उपकरण को चाइना शिप साइंटिफिक रिसर्च सेंटर और स्टेट लैबोरेटरी ऑफ डीप सी मैन्ड व्हीकल्स ने मिलकर बनाया है।

### कैसे काम करता है डिवाइस?

केबल को पानी के नीचे काटने से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, खासकर तब, जब उनकी मजबूती स्टील से भी अधिक मजबूत हो. इस समस्या ने निपटने के लिए इंजीनियर हू हाओलोंग की टीम ने खास डिवाइस बनाया है। इसमें 6 इंच की हीरा ग्राइंडिंग व्हील है जो 1600 आरपीएम की रफ्तार से घूमता है। इस मशीन से निकली ताकत स्टील को भी चकनाचूर कर सकती है और इस दौरान समुद्र के तल पर हलचल भी पता नहीं चलेगी. इसे पावर 1 किलोवाट की मीटर और 8:1 के गियर रिड्यूसर से मिलती है।



### दुनिया में पहली बार

पहली बार किसी देश ने खुले तौर पर ऐसा डिवाइस बनाने की घोषणा की है। चीन का ये डिवाइस दुनिया भर के संचार और सैन्य अभियानों के लिए जरूरी समुद्र के नीचे बिछाई जाने वाली केबल को निशाना बना सकता है। इन केबल्स की मदद से दुनिया का 95% डाटा एक से दूसरी जगह भेजा जाता है। महाद्वीपों को जोड़ने के अलावा ये मनी मार्केट डिफेंस सिस्टम और रोजाना की डिजिटल सेवाओं को ठीक से चलाने मे मदद करते हैं।

### *रोबोट की लगती है मदद*

*इस कटर का निर्माण ही बहुत ज्यादा मुश्किल जगहों पर काम करने के लिए बनाया गया है। इस टाइटेनियम मिक्स धातु के खास कवर में रखा गया है जिसमें तेल से भरी हुई सीलें लगी हैं। यह सील इस डिवाइस पर 4,000 मीटर की गहराई में पड़ने वाले दबाव में फटने से बचता है। इतनी गहराई में कुछ दिखाई नहीं देता इसलिए डिवाइस को चलाने के लिए रोबोटिक हैंड्स की मदद ली जाती है।*

### *समुद्र में बढ़ता खतरा*

*चीन इस केबल कटर के साथ तब सामने आया है जब समुद्र के नीची केबलों पर खतरा बढ़ा है। बाल्टिक सागर में 2023 से अब तक 11 बार केबल्स को नुकसान पहुंचाया गया है जिससे इन्हें नुकसान पहुंचाने की आशंका और बढ़ गई है। इसकी मदद से बीजिंग खुद को समुद्री अभियानों में एक बड़ी ताकत के तौर पर तैयार कर रहा है। इस नए आविष्कार ने दुनिया भर की सुरक्षा से जुड़े लोगों को चिंता में डाल दिया है।*

# रेलवे ट्रैक के पास हथिनी ने दिया बच्चे को जन्म, लोको पायलट ने तुरंत रोकी ट्रेन

**रांची।** झारखंड से एक ऐसी सच्ची और भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने लाखों लोगों का दिल छू लिया है। यहां एक जंगली हथिनी रेलवे ट्रैक पर अपने बच्चे को जन्म देने लगी तो ट्रेन को करीब दो घंटे तक रोके रखा गया। यह घटना कैमरे में कैद हुई और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। लोग इस वीडियो को देखकर न सिर्फ भावुक हो रहे हैं, बल्कि इंसानियत और करुणा की इस मिसाल की जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। दरअसल, जंगल से भटककर एक गर्भवती हथिनी रेलवे ट्रैक के पास आ गई थी। तभी उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। यह देखकर रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर तुरंत ट्रेन को रोकने का फैसला लिया। करीब दो घंटे तक ट्रेन को रोके रखा गया ताकि हथिनी बिना डर के अपने बच्चे को जन्म दे सके। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने दूर से हथिनी का ख्याल रखा और उसे सुरक्षित माहौल देने की कोशिश की। कुछ देर बाद हथिनी ने एक सुंदर बच्चे को जन्म दिया और दोनों मां-बच्चा सुरक्षित जंगल की ओर लौट गए।



### मंत्री ने की झारखंड वन विभाग अधिकारियों की सराहना

इस सुंदर और अनोखे पल को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X पर साझा किया। उन्होंने इस घटना को खूबसूरती की मिसाल बताया। उन्होंने लिखा कि जहां अक्सर हम इंसान और वन्यजीवों के बीच संघर्ष की खबरें सुनते हैं, वहीं यह दृश्य यह दिखाता है कि दोनों के बीच प्रेम और समझ भी संभव है। मंत्री ने झारखंड के वन विभाग और रेलवे अधिकारियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सूझबूझ ने न केवल हथिनी और उसके बच्चे की जान बचाई, बल्कि एक खूबसूरत उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने आगे बताया कि पर्यावरण मंत्रालय और रेलवे मिलकर 3500 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों का सर्वे कर चुके हैं। इन क्षेत्रों में ट्रेन की रफ्तार और बाकी की सावधानियों को लेकर विशेष योजना बनाई जा रही है ताकि भविष्य में इस तरह के जानवरों को किसी प्रकार की हानि न हो।

बाजारों में हरे रंग की साड़ियों, लहरिया चूड़ियों, बिंदियों और मेंहदी की खरीदारी

# हाट-बाजारों में पूजा-पाठ सामग्री की मांग बढ़ी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सावन माह शुरू होने के साथ ही राजधानी के हाट-बाजारों में पूजा-पाठ सामग्री की मांग बढ़ गई है। भगवान शिव की पूजा के लिए बेलपत्र, धतूरा, भांग, पंचामृत, गंगाजल, फूल, फल, मिठाई, दीपक, धूप, और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदी शुरू कर दी है। बाजार में इन वस्तुओं की मांग में काफी वृद्धि देखी जा रही है। गौरतलब है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। भक्त इस महीने में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके लिए वे विभिन्न प्रकार की पूजा सामग्री का उपयोग करते हैं। श्रद्धा से सराबोर बाजार श्रावण मास के चलते बाजारों में त्रिशूल, गेरुआ वस्त्र, शिव टी-शर्ट, साफी, रुद्राक्ष, बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल और पूजा सामग्री की मांग बढ़ गई है। कांवरों की कीमत 800 से 3000 रुपएतक है। इस बार पीतल और लकड़ी से बने आकर्षक कांवर भी भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं। सोमवारी व्रत की तिथियां - 1 सोमवारी-14 जुलाई, 2 सोमवारी- 21 जुलाई , 3 सोमवारी - 28 जुलाई, 4 सोमवारी - 4 अगस्त को है। बाजारों में हरे रंग की साड़ियों, लहरिया चूड़ियों, बिंदियों और मेंहदी की खरीदारी जोरों पर है। बाजार में कॉटन व सिंथेटिक साड़ी, पटियाला, कुर्ती व स्ट्रेट पैंट की मांग भी बढ़ी है। भोलेनाथ को प्रसन्न करना सहज पंडितों के अनुसार भगवान शिव को प्रसन्न करना अत्यंत सरल है।




## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

### एचपी ने लांच किए लेजर एम300 प्रिंटर्स

**नई दिल्ली।** एचपी ने एचपी लेजर एम300 सीरीज लांच किया। लेजर प्रिंटर्स की इस रेंज को विशेष रूप से भारत के तेजी से बढ़ते सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय कारोबारियों एवं प्रिंट शॉप की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस सीरीज में पांच मॉडल्स- लेजर एमएफपी 323एसडीएनडब्ल्यू, 323डीएनडब्ल्यू, 323डी, 303डीडब्ल्यू और 303डी हैं।

### जीआईआईएस में दस विद्यार्थी हुए सम्मानित

**नई दिल्ली।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल ने ग्लोबल सिटीजन स्कॉलरशिप प्राप्तकर्ताओं के नए समूह का सम्मान करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। यह प्रतिष्ठित जीसीएस प्रोग्राम का 18वां संस्करण था। इस वर्ष के समूह में 10 असाधारण विद्यार्थी शामिल हैं।

ई-चालान प्रणाली में पारदर्शिता लाने और दुरुपयोग पर नियंत्रण की मांग

# एआईएमटीसी के सदस्य बोले- ई- चालान प्रणाली वाहनों के लिए व्यापार में बड़ी बाधा

## सरकार से सुझावों पर विचार का आग्रह

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वर्तमान वाहन चालक के बिना संज्ञान के केवल वाहन का फोटो खीचकर पीओएस मशीन से चालान जारी कर दिए जाते है और ऐसे फर्जी चालान वाहन के डेटाबेस में दर्ज हो जाते है जिसके कारण वाहन स्वामी को अकारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः पीओएस के माध्यम से बने चालान के साथ चालक का नाम, फोटो एवं ड्राइविंग लाइसेंस नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज हो तथा अपराध का मय साक्ष्य के विवरण भी दर्ज हो। यदि वाहन स्वामी 30 दिन तक चालान का शमन नहीं करना चाहता है तो उक्त चालान को संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कोर्ट में पेश करना चाहिए और बिना कोर्ट के निर्णय के एक तरफा वाहन को ब्लैकलिस्ट न किया जाए, क्योंकि यह वाहन स्वामी के संवेधानिक अधिकारों हनन है।

यह बात ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) एमसी सदस्य सीएल मुकाती ने कही। एआईएमटीसी के मेंबर मुकाती कहा कि अधिकारियों द्वारा बनाए गए चलानों का भी राज्य के उच्च अधिकारियों तथा एमओआरटीएच द्वारा नियमित रूप से परिक्षण किया जाना चाहिए तथा जिस अधिकारी द्वारा वाहन स्वामी को अकारण परेशान करने के उद्देश्य से चालान बनाया जाना पाया जाए। ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए। ताकि भारत की जीवन रेखा मानी जाने वाला ट्रांसपोर्ट व्यवसाय सुगम एवं बाधारहित रूप से संचालित होकर देश की अर्थ व्यवस्था को सुद्रढ़ कर सके।



मुकाती ने ई-चालान प्रणाली में पारदर्शिता लाने और दुरुपयोग पर नियंत्रण करने की मांग करते हुए कहाकि अधिक से अधिक वर्चुअल कोर्ट स्थापित हो, ताकि वाहन स्वामी भटकने से बचें। चालान भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया है कि एआईएमटीसी के सुझावों पर विचार कर इन्हें एमओआरटीएच ,परिवहन मंत्रालय, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के साथ गंभीरतापूर्वक विचार कर सुधार किया जाए , ताकि देश के वाहन स्वामियों को राहत मिल सकें और परिवहन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बन सकें।

### एनएसडीएल और सीडीएसएल ने की निवेशक एप में नई सुविधा शुरू

**मुंबई ।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल ) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल ) ने अपने निवेशक ऐप्स में एक नई सुविधा शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत खुदरा शेयरधारक अब ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से कंपनी प्रस्तावों पर मतदान करते समय प्रॉक्सी एडवाइजर की सिफारिशें देख सकेंगे। इस नई सुविधा का औपचारिक शुभारंभ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडेय द्वारा किया गया। यह अपडेट सेबी के खुदरा निवेशकों की कॉरपोरेट गवर्नेंस में भागीदारी को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो व्यक्तिगत निवेशकों के लिए अधिक पारदर्शिता और सोच समझ कर निर्णय लेने की सुविधा लेकर आता है। यह सुविधा एनएसडीएल के स्पीड ई-एप/वेब पोर्टल और सीडीएसएल द्वारा पेश किए गए माई इजी एप में उपलब्ध है। इसका उद्देश्य शेयरधारकों के लिए जानकारी को अधिक सुलभ और समान रूप से उपलब्ध कराना है।




# आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज जारी कर दी है। इसका उपयोग करदाता कर योग्य पूंजीगत लाभ, क्रिप्टो आय और अन्य रिटर्न दाखिल करने के लिए कर सकते हैं। विभाग ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को आईटीआर-2 और आईटीआर-3 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटीज को जारी किया। अब ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए आईटीआर फॉर्म-2 और फॉर्म-3 का इस्तेमाल करने वाले टैक्सपेयर्स रिटर्न फाइल कर सकते हैं। डिपार्टमेंट ने पहले केवल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म जारी किए थे, जिससे कुछ ही सीमित टैक्सपेयर्स को स्पेसिफाइड इनकम क्लासिफिकेशन के साथ उनके आईटीआर को फाइल करने में मदद मिली( डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा। असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए आईटीआर-2 और आईटीआर-3 की एक्सेल यूटिलिटीज अब लाइव हैं और फाइल करने के लिए उपलब्ध हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग आईटीआर पोर्टल के डाउनलोड सेक्शन में आईटीआर-2 और आईटीआर-3 यूटिलिटीज डाउनलोड कर सकते हैं।

### महिंद्रा एक्सयूवी थ्रीएक्सओ आरईवीएक्स लांच


**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने बहुप्रतीक्षित एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स सीरीज को लांच किया, जिसकी शुरुआती कीमत 8.94 लाख रखी गई है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5925



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5924 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5935

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5934 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |



## राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style



# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।

### हॉलीवुड मसाला




## सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



## पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



## बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



## द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

### टीवी मसाला




## 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'



## शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर



**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।

## आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

### आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

## दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।

# विंबलडन : सीनियाकोवा और वरबीक की जोड़ी ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

## स्टेफेनी और सैलिसबरी की मजबूत जोड़ी को सीधे सेटों में दी मात

एजेंसी ▶▶| लंदन

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खिताब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया।



### सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन

सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के तोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा ने जो 10 महिला युगल खिताब जीते हैं उनमें से सात क्रेजिकोवा के साथ, दो टेलर टाउनसेंड के साथ और एक पिछले साल के फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ हासिल किए।

## विंबलडन को लगातार आठवीं बार मिलेगी नई महिला चैंपियन



आल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर अमांडा अनिसिमोवा और इगा स्वियातेक के बीच शनिवार को होने वाले विंबलडन फाइनल मुकाबले से इस ग्रैंडस्लैम में लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन देखने को मिलेगी। अमेरिकी ओपन 2022 के बाद सेरेना विलियम्स के संन्यास लेने के बाद से ऐसी कोई भी प्रभावशाली खिलाड़ी देखने को नहीं मिली है, जिसने पूरी तरह से दबदबा बनाया हो और इससे नए चेहरों को काफी मौके मिले है, जैसे कि 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी अनिसिमोवा पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। अब वह पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक से भिड़ेंगी, जिनके नाम रोलां गैरां में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी है। लेकिन स्वियातेक इससे पहले विंबलडन में क्वार्टर फाइनल से आगे तक नहीं बढ़ पाई थीं। पोलैंड की 24 साल की स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं यहां फाइनल में खेलूंगी।' स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कोर्ट पर सब कुछ अनुभव कर लिया है। लेकिन मुझे ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेलने का अनुभव नहीं है।'उन्होंने गुरुवार को सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनसिच पर 6-2, 6-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

---

## खबर संक्षेप

### तीरंदाजी संघ ने एमिटी विश्वविद्यालय से किया करार

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने शुक्रवार को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तीरंदाजों को प्रमाणपत्र कार्यक्रम और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने खेल करियर से समझौता किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस समझौते के तहत एमिटी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए उनकी चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के अनुरूप स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम तैयार करेगा। विश्वविद्यालय इसके अलावा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। इस योजना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के पात्र होंगे, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम की फीस का भुगतान शामिल होगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि राज्य और जिला स्तर के तीरंदाजों को फीस में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### ओडेई ओनाइंडिया ने एफसी गोवा को छोड़ा

**पणजी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब एफसी गोवा और उसके कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। स्पेन के



35 वर्षीय खिलाड़ी ने आईएसएल के पिछले सत्र में एफसी गोवा की तरफ से अधिकतर मैच खेले थे। वह दो साल पहले एफसी गोवा से जुड़े थे। इससे पहले वह हैदराबाद एफसी की तरफ से खेलते थे। एफसी गोवा ने एक्स पर कहा, 'हमारे कप्तान ने अपना सबकुछ झोंक दिया, हर टैकल, हमारे बैज के लिए पसीने की हर बूंद। उन्होंने पिछले दो वर्षों में दिखाया कि एफसी गोवा का खिलाड़ी होने का असली मतलब क्या होता है। हर चीज के लिए उनका आभार और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

### नीतीश ने की सटीक गेंदबांजी : कुंबले

**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल



कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे, जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था।

---

## इंग्लैंड के पहली पारी में 387 रन, भारत की खराब शुरुआत, 1 विकेट पर 44 रन

# ऐतिहासिक मैदान में रूट ने जड़ा शतक जसप्रीत बुमराह ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने शुक्रवार को अपना 37वां टेस्ट शतक जड़कर पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ और समकालीन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ के 36 शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। रूट ने लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह की गेंद पर चौका जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। बुमराह ने हालांकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को आउट कर दिया। रूट ने 199 गेंद में 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए।

भारत ने शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी में 387 रन के जवाब में चाय तक एक विकेट पर 44 रन बना लिए। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दूसरे ओवर में 13 रन पर आउट हो गए। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने श्रृंखला में लगातार दूसरी बार 5 विकेट (74 रन देकर 5 विकेट) लिए लेकिन जैमी स्मिथ (51) और ब्रायडन कार्स (56) ने इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन तक पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 51 शतकों के साथ पारंपरिक प्रारूप में शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे आगे हैं।



### इंग्लैंड के लंच तक 7 विकेट पर 353 रन

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटक लिए, जिससे शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 353 रन हो गया। खेल के दूसरे घंटे में जैमी स्मिथ (नाबाद 51 रन) और ब्रायडन कार्स (नाबाद 33 रन) ने भारतीय तेज गेंदबाजों की गेंदों का डटकर सामना करते हुए आठवें विकेट के लिए 82 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को निराश किया।

### गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस

यह हैरानी भरा था कि शुभमन गिल लगभग 10 ओवर पुरानी दूसरी नई ड्यूक्स गेंद को बदलना चाहते थे। अंपायरों ने गिल का अनुरोध स्वीकार कर लिया था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी बदली हुई गेंद से खुश नहीं थे। इसके कारण गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस हुई। इंग्लैंड ने शुरुआती घंटे में 7 विकेट पर 307 रन बना लिए। इसके तुरंत बाद सत्र में दूसरी बार गेंद बदली गई, जिससे इंग्लैंड में इस्तेमाल की जाने वाली गेंदों पर बहस और तेज हो गई।

### भारत के खिलाफ लॉर्डस में रूट का आठवां शतक

भारत के खिलाफ लगाया गया यह शतक इस मैदान पर रूट का आठवां सैकड़ा भी था, जो इतिहास में किसी भी बल्लेबाज की ओर से बनाए गए सबसे ज्यादा शतक है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन और ग्राहम गूच इस मैदान पर छह-छह शतक लगाकर दूसरे स्थान पर हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 शतक |
| जैक कैलिस | 45 शतक |
| रिकी पोंटिंग | 41 शतक |
| कुमार संगकारा | 38 शतक |
| जो रूट | 37 शतक |
| स्टीव स्मिथ | 36 शतक |

### रूट का लॉर्ड्स में लगातार तीन शतक

दाएं हाथ के बल्लेबाज रूट लॉर्ड्स में माइकल वॉन (2004-05) और सर जैक 'मास्टर' होब्स (1912-1926) के बाद लगातार तीन शतक लगाने वाले इंग्लैंड के तीसरे बल्लेबाज भी बने। अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों में इस प्रतिष्ठित मैदान पर शतकों की हैट्रिक का गौरव सिर्फ दिलीप वेंगसरकर के नाम (1979, 1982, 1986) है। रूट ने यहां अपनी पिछली दो पारियों में 143 और 103 रन बनाए थे।

---

## संन्यास की घोषणा

# मूर ने क्रिकेट से लिया संन्यास खेल चुके हैं 85 अंतर्राष्ट्रीय मैच



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आयरलैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पीटर मूर ने 34 साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 85 मैच खेले। बता दें कि, आयरलैंड के इस बड़े खिलाड़ी ने इस टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया था। उन्होंने आयरलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेला।

वहीं, आयरलंड के पीटर मूर ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच उसी देश के खिलाफ खेला, जिसके लिए उन्होंने डेब्यू किया था। जी हां इस बल्लेबाज ने दो देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। 2 फरवरी 1991 को मूर का जन्म जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुआ था।

पीटर मूर ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 26 नवंबर 2014 को जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ही 2016 में टेस्ट और टी20 में डेब्यू किया।

2019 में उन्हें जिम्बाब्वे का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया, लेकिन इसके बाद उनके करियर में एक नया मोड़ आया। पीटर मूर ने आयरिश पासपोर्ट मिलने के बाद आयरलैंड क्रिकेट टीम में जगह बना ली। उन्होंने ढाका में साल 2023 में 32 साल की उम्र में आयरलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी।

---

## नीरज चोपड़ा ने कहा-

# ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर कर रहा हूं काम



एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं।

वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे, जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपए है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पहले ही अपनी कमी की पहचान कर ली है, जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है। भाला फेंकते समय मैं अक्सर अपनी बाईं ओर गिर जाता हूं। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। ट्रेनिंग में मैं ऐसा नहीं करता लेकिन प्रतियोगिता में अतिरिक्त प्रयास के कारण ऐसा होता है।' दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि उन्हें बार बार 90 मीटर का आंकड़ा छूने के लिए निरंतरता पर भी काम करने की जरूरत है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने इस साल 90 मीटर की दूरी तय की है। लेकिन इसे बार बार हासिल करने के लिए मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं लगातार 88-89 मीटर के आसपास भाला फेंक रहा हूं और मेरे कोच ने कहा कि वह खुश हैं लेकिन मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।'

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही टीम भारत भेजेंगे : पाक

**कराची।** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, 'सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी।'

# यह पिच ऐसी नहीं है, जिस पर आक्रामक होकर खेल सके

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं।



इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 251 रन बनाए। पोप ने मैच के बाद कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।' उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है।

नितीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की।

# गौतम गंभीर ने बीसीसीआई के परिवार नियम का किया समर्थन

## भारतीय कोच ने कहा-यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों



के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी। गंभीर ने चेतेश्वर पुजारा से कहा, 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं, जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था।

---

## एजबेस्टन में आज होगा टी-20 श्रृंखला का अंतिम मैच

# जीत के साथ सीरीज का अंत करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए 5 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही, जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के



सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की। टी20 श्रृंखला में मिली इस जीत से भारत ने तीन मैच की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का भी सबूत पेश किया।

### स्पिनरों का शानदार प्रदर्शन

भारतीय टीम अब वनडे श्रृंखला में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। अंतिम मैच में जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 4-1 की बढ़त मिल जाएगी और इंग्लैंड का आत्मविश्वास भी डगमगा जाएगा। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में यादगार जीत हासिल की थी और महिला टीम भी उसी मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए हैं और श्रृंखला में अब तक स्पिनरों के खिलाफ 22 विकेट गंवा चुके हैं।

### शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं राधा

राधा यादव को पिछले मैच में दो विकेट और शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था जबकि युवा एन श्री चरणी इस श्रृंखला की शुरुआत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली बन गई है। बल्लेबाजी विभाग में स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन हरमनप्रीत अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं और वह वनडे श्रृंखला से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी।

# पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता के संबंध में पेश आवेदन पृथक जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में लंबित नर्सिंग मामले में एक आवेदन प्रस्तुत कर पैरामेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर भी सवाल उठाया गया । आवेदन में आरोप है कि नर्सिंग कॉलेज की तरह प्रदेश में संचालित पैरा मेडिकल कॉलेजों की मान्यता भी नियमों को ताक में रखकर दी गयी है। शुक्रवार को जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। बेंच ने

## नर्सिंग मामले के साथ होगी सुनवाई



पैरामेडिकल कॉलेजों के संबंध में पेश आवेदन को एक पृथक जनहित याचिका के रूप में दर्ज कर नर्सिंग कॉलेज मामले के साथ सुनवाई करने के निर्देश दिए । साथ ही याचिकाकर्ता को पैरामेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार और चेयरमैन को पक्षकार बनाने की अनुमति दी है ।अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगीं ।

उल्लेखनीय है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर वर्ष 2022 में जनहित याचिका दायर कर प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े को उजागर किया गया था। हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई से जांच कराई थी। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में प्रदेश के 169 कॉलेज सूटेबल, 65 कॉलेज अनसूटेबल तथा 74 कॉलेज में कमियां पाई गई थीं। सीबीआई की दूसरी जांच में 129 कॉलेज में कमियां पाई गई थीं। इसी मामले की सुनवाई के दौरान उक्त अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया था।

ओंकारेश्वर बांध प्रभावितों को मुआवजा मामले में मांगा जवाब

# हाईकोर्ट ने एसीएस राजेश राजौरा को जारी किया अवमानना नोटिस

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने ओंकारेश्वर बांध प्रभावितों को मुआवजा मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने लिखित जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जिसमें यह साफ करना होगा कि नियम समयावधि में पूर्व आदेश का पालन क्यों नहीं किया।

मामला नर्मदा बचाओ आंदोलन की अवमानना याचिका से संबंधित है। जिसके जरिए हाई कोर्ट के पूर्व आदेश का पालन सुनिश्चित न किए जाने के रवैये को चुनौती दी गई है। अवमानना याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि ओंकारेश्वर बांध की वजह से विस्थापित कृषक परिवारों को अब तक उनका समुचित अधिकार नहीं मिला है। दरअसल, सात जून, 2023 को मप्र शासन ने ओंकारेश्वर बांध से प्रभावित किसानों व उनके परिवारों के लिए विशेष पुनर्वास पैकेज घोषित किया था। इसके अंतर्गत जिन किसानों के पास भूमि नहीं है, उन्हें व उनके बच्चों को ढ़ाई लाख रुपये मुआवजा देने की व्यवस्था दी गई थी। लेकिन इसका अब तक पालन नदारद है। लिहाजा, आंदोलन किए गए। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। जिससे तंग आकर अवमानना याचिका दायर की गई है। 29 जुलाई, 2024 को हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुख्य सचिव व नर्मदा घाटी प्राधिकरण आठ सप्ताह में मुआवजे को लेकर निर्णय लें। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

*6 माह पहले दमोह से आकर संभाला था होमसाइंस कॉलेज में प्रभार*

# बंद कमरे में खून से लथपथ मिली प्रोफेसर की लाश



**जबलपुर।** दमोह से 6 महीने पहले स्थानातंरण होकर जबलपुर आई होमसाइंस कॉलेज की 57 वर्षीय प्रोफेसर प्रज्ञा अग्रवाल की अपने ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब घर में काम करने वाली सर्वेंट घर पहुंची। दरवाजा खटखटाने के बाद काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उसे शंका हुई, तब उसने पड़ोसियों को इस बात की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर गढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर लाश को बरामद किया, घटना स्थल पर एक चाकू भी पड़ा मिला। चूंकि दरवाजा अंदर से बंद था लिहाजा पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है।

पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर प्रज्ञा अग्रवाल की लाश अंदर के कमरे में जमीन पर पड़ी हुई थी उनके हाथ और गले की नस कटी हुई थी और पूरा कमरा खून बिखरा हुआ था पास में ही एक बड़ा चाकू भी पड़ा था बेहद संदेहास्पद परिस्थितियों में लाश मिलने पर तुरंत फोरेंसिक विभाग की टीम को भी बुलाया गया. एफएसएल की टीम ने बारीकी से पूरे कमरे की जांच की और इसके बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

वॉयफ्रेंड की शादी से नाराज युवती ने की आगजनी की वारदात

# सूने घर का ताला तोड़कर लड़की ने लगाई घर में आग

**जबलपुर।** किसी ओर से शादी करने पर नाराज गर्लफ्रेंड ने अपने ब्वायफ्रेंड के घर का ताला तोड़कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, जिससे घर में रखा पूरा सामान जल गया। घटना बाबा नगर अधारताल की बताई गई है। पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा नगर अधारताल आवास योजना में रहने वाले विजय सोनी की शादी अमृता सोनी के साथ शादी गत 10 जुलाई को हनुमानताल शारदा मंदिर में हो रही थी। इस दौरान विजय सोनी के पिता प्रकाश सोनी, मित्र शुभम साहू सहित अन्य लोग विवाह समारोह में शामिल थे। इसी बीच शुभम के मोबाइल पर गोविंद लोधी ने फोन लगाकर सूचना दी कि विजय के मकान में नेहा ठाकुर ने मिट्टी तेल डालकर घर में आग लगा दी है। शुभम ने के विजय पिता प्रकाश सोनी से गोविंद लोधी की बात कराई। घर में आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने आग बुझाई और शादी के बाद प्रकाश सोनी अपना घर देखने पहुंचा तो वहां रखा घर गृहस्थी का सामान व कपड़े आदि जल गए थे। बताया गया है कि नेहा ठाकुर की विजय सोनी से दोस्ती थी। चूंकि विजय ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली इसी बात से नाराज होकर नेहा ठाकुर ने उसके घर का ताला तोड़कर आगजनी की घटना की। पुलिस ने आरोपी नेहा ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 332 सी, 336 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बंगाल की खाड़ी से आए बादल छाए

# सावन की रिमझिम फुहारों से भीगा शहर

**जबलपुर।** बंगाल की खाड़ी से आए बादल मध्यप्रदेश में छाए हुए हैं। वहीं झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवात बना हुआ है, जिसके प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 24 घंटों के दौरान भी सावन की रिमझिम वर्षा का दौर जारी रहेगा। जगह-जगह सड़कों में पानी भर गया है। कालोनियों में गंदगी पैर पसारे फैली है। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आये मानसूनी बादल पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर घने छाये हुये हैं। वहीं छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के ऊपर चक्रवात बना हुआ है। शुक्रवार की दोपहर बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। मौसम विभाग का कहना है कि झारखण्ड के ऊपर बने चक्रवात के प्रभाव से पूरे मध्यप्रदेश में मानसूनी बादल सक्रिय हैं। हवा में नमी बढ़ जाने से बारिश की गुंजाइश भी बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल भी 86 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 41.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 504.8 मिमी (19.7 इंच) आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.33 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 7 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 238.9 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 6 से 7 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240